झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -175 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


# न पक्ष न विपक्ष सब मेरे लिए सदस्य है : रवींद्रनाथ महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** विधानसभा सत्र के अंतिम दिन सदन की कार्यवाही समाप्त होने से पहले स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि इस सत्र में सभी नव निर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ ग्रहण सपन्न हुआ. मै समझता हूं कि यह गौरव का क्षण होता है और जनता के प्रति उत्तरदायी होने का एहसास कराता है. यहां पर सभी सदस्य अलग-अलग दलों से, अलग-अलग विचारधाराओं से अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि पूर्व कार्यकाल के भाँति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगे आत्मीक भाव हो. हमेशा मेंरे जीवन में अविस्मरणीय हो. न पक्ष, न विपक्ष सब मेरे लिए सदस्य हैं. सदन में राज्यपाल का अभिभाषण हुआ . अभिभाषण के माध्यम से नवगठित सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया. इसके साथ ही राज्य के चहुमुँखी विकास के लिए अपनी नीतियाँ और दिशा तय करने का प्रयास किया. हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पोषण आदि पर जोर दिया है. राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार का वित्तीय प्रबंधन, रोजगार, संरचनाओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया है.

**अनुपूरक बजट पर सदस्यों ने सार्थक रचनात्मक चर्चा की**

स्पीकर ने कहा कि इस सत्र में वर्तमान वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया. इस पर सदस्यों ने सार्थक रचनात्मक चर्चा की. कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए. कुछ सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रेखांकित किया. राज्य के चहुमुंखी विकास के ये सुझाव निःसदेह महत्वपूर्ण है. हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार से उम्मीद करता हूं कि वे राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए वांछित सुझावों का आकलन कर अपनी सीमा के तहत आने वाले समय में बजट में समाहित करेंगे. राज्य के कल्याण के लिए, यहां की साढ़े तीन करोड़ की जनता के अपेक्षाओं और आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिए, राज्य को एक उच्च स्थान पर ले जाने के लिए, पक्ष और विपक्ष दोनों की भावनाएं एक जैसी है. आने वाले समय में यह भावना हमारे बीच कायम रहे, मैं यह कामना करता हूं. आने वाले दिनों में क्रिसमस, नया साल, मकर संक्राति, सोहराय, बसंत पंचमी हम मनायेंगे. इन त्योहारों का उल्लास, हर्ष, मिठास झारखण्ड के जनजीवन में सदैव बना रहे.

## झारखंड राज्य है आंदोलन की उपज, यहां के लोग हैं स्वाभिमानी : हेमंत सोरेन



विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पूर्व जितने भी अभिभाषण हुए, उनमें यह सबसे छोटा और अधिक दूरदर्शिता के साथ दिखाया गया है. उन्होंने कहा कि ये राज्य आंदोलन की उपज है. खून से सींचा गया राज्य है. यहां के लोग स्वाभिमानी हैं. जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रूकते, जब तक मंजिल न मिल जाए. अभिभाषण में हर वर्ग के साथ शहीदों के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. नींव रख दी है. बिल्डिंग खड़ा करेंगे. कामों को लोगों की आंखों के समाने दिखाना पहली प्राथमिकता है. सीएम ने कहा कि 2019 के बाद से परिवर्तन दिखा है. चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो. झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिए बेहतर कानून बनाया गया है. विपक्ष के साथ सहयोग करें. सीपी सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि वे बुर्जुग हो गए हैं. शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है. रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है. हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा. ये राज्य प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है. गांव की अर्थव्यस्था नहीं बढ़ेगी तो राज्य के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती. पूर्व में भी काम किया है आगे भी काम करेंगे.

# अबूझमाड़ के जंगलों में एनकाउंटर, सुरक्षा बलों ने सात नक्सली को मार गिराये



एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दंतेवाड़ा की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगलों में आज 12 दिसंबर सुबह तीन बजे सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ शुरू हो गयी. 40 -50 बड़े कैडर की नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवानों का एक्शन शुरू हुआ. खबरों के अनुसार मुठभेड़ में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिलों की पुलिस, ऊफ्क्त्रॠ रळक्रॠ और उफ्द्धक्रॠ की संयुक्त टीम शामिल थी.

**बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने भी खबर की पुष्टि की**

सुरक्षा बलों ने अब तक 7 वदीर्धारी नक्सलियों को ढेर कर दिया है. उनके पास से स्वचालित हथियार सहित अन्य नक्सली सामान बरामद किये गये हैं नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने इस खबर की पुष्टि की है. पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि मुठभेड़ और तलाशी अभियान अभी भी जारी है. सुरक्षा बल इलाके में अन्य नक्सलियों की तलाश में अभियान चला रहे हैं. बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने भी खबर की पुष्टि की है. इधर दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने कहा कि अबूझमाड़ के दक्षिणी क्षेत्र में पूर्वी बस्तर डिवीजन और इंद्रावती एरिया कमेटी के माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी इस अभियान के तहत 10 दिसंबर को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव जिले की ऊफ्क्त्रॠ टीम के साथ एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी को दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी.बताया कि दक्षिण अबूझमाड़ में 50 से 60 इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी.

# मुख्यमंत्री सोरेन के आदेश के बाद श्रमिकों का वेतन रोकने और जालसाजी कर कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर मामला दर्ज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून में फँसे झारखण्डी श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखण्ड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान ना किए जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया है कि नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त ने नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन द्वारा उक्त श्रमिकों को अन्तर्राज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के अन्तर्गत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये एवं बगैर लाइसेंस प्राप्त किए. घोखे एवं जालसाजी कर श्रमिकों को मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है जो गैरकानूनी है।

**यह है मामला**

मुख्यमंत्री को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि कैमरून में कार्यरत झारखण्ड के श्रमिकों की शिकायत प्राप्त हुई कि श्रमिक M/s Transrail Lighting Limited, कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

**वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू**

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को $100(डॉलर) प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी। श्रमिकों ने इस भुगतान की पुष्टि की है। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश एवं श्रम विभाग ने ढडए रांची और अन्य संबंधित विभागों को पत्र भेजा है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।कंपनी से कण्ट्रोल रूम ने पुनः संपर्क किया है उन्होंने मामले के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया है, जिसके अनुसार उप-कॉन्ट्रैक्टर से बातचीत कर श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान का समाधान किया जाएगा। बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

**हो रहा सुरक्षित वापिस का प्रयास**

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के उच्चायोग और विदेश मंत्रालय ने सूचित किया है कि M/s Transrail श्रमिकों के साथ बातचीत कर रही है और इन फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित वापसी, उनके लंबित भुगतान और दस्तावेजों का समाधान करेगी। कण्ट्रोल रूम टीम लगातार ईमेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों और श्रमिकों से संपर्क कर सुरक्षित वापसी के प्रयासों में लगी है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है जल जीवन मिशन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जल जीवन मिशन, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि घर पर ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ह्ययह एक अच्छा परिदृश्य है कि किस प्रकार से जल जीवन मिशन महिला सशक्तिकरण को विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आगे बढ़ा रहा है। अपने घर में ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी। इसका लक्ष्य 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल का पानी पहुंचाना था। इसकी शुरूआत के समय, केवल 3.23 करोड़ (17 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, 6 अक्टूबर, 2024 तक, जल जीवन मिशन ने 11.95 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन सफलतापूर्वक प्रदान किए हैं, जिससे कुल कवरेज 15.19 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच गई है, जो भारत के सभी ग्रामीण घरों का 78.58 प्रतिशत है। मिशन ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल कर लिया है, जिसने ग्रामीण लोगों के जीवन को उनके घरों में पीने योग्य पानी तक विश्वसनीय पहुँच प्रदान करके गहरा प्रभाव डाला है।

## मोदी सरकार ने एक देश, एक चुनाव विधेयक पर कैबिनेट की बैठक में मुहर लगाई

खबर है कि मोदी सरकार ने आज गुरुवार को एक देश, एक चुनाव के विधेयक को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी है. सूत्रों के अनुसार अब मोदी सरकार इस बिल को सदन के पटल पर रख सकती है विधेयक अगले सप्ताह इसी शीतकालीन सत्र में पेश किये जाने की संभावना है. सूत्रों की मानें तो इसके लिए जेपीसी की कमेटी का गठन किया जायेगा. इसके तहत सभी दलों के सुझाव लिये जायंगे. इसके बाद यह विधेयक संसद में लाया जायेगा और पास करवाया जायेगा. बता दें कि इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की कमेटी ने सरकार को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी अपनी रिपोर्ट सौंपी थी. एक बात और कि देश में अभी अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं. इस विधेयक के कानून बनने के बाद देश में एक साथ चुनाव कराये जायेंगे

## आज का विचार



संजय यादव
सामाजिक कार्यकर्ता

हर सूर्योदय एक निमंत्रण है कि आप उठें और चमकें। अपने दिन की शुरूआत एक मुस्कान और सकारात्मक विचारों के साथ करें। आज को इतना अद्भुत बनाएं कि कल जलन महसूस करे।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **73,300**
चांदी (प्रति किलो) : **97,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **81,289.96**
निफ्टी :- **24,548.70**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **21** °
न्यूनतम तापमान : **10** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:22**
संध्या :- **17:05**

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1960 को इथियोपिया के सम्राट हैली सेलासी को देश से बाहर करने के साथ, चार षड्यंत्रकारियों ने तख्तापलट की कोशिश की और क्राउन प्रिंस असफॉ वोसन को नए सम्राट के रूप में स्थापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत, खेलने के दौरान हुआ हादसा

**लातेहार।** लातेहार के हेरहंज में तालाब में डूबने से एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी. घटना प्रखण्ड क्षेत्र के हुम्बू ग्राम स्थित कुसुम टोला की है जहां बुधवार शाम पांच बजे के करीब दोनों बच्चे तालाब के किनारे खेल रहे थे. इसी दौरान दोनों पानी में गिर गए. जिससे उनकी मौत हो गयी. शवों की पहचान कुसुम टोला निवासी फूलदेव उरांव के पांच वर्षीय पुत्र दिनेश उरांव व तीन वषीर्या पुत्री साक्षी कुमारी के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया. फूलदेव उरांव को दो पुत्र और एक पुत्री थी. दोनों बच्चों की मौत के बाद गांव में मातम पसर गया. परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल.

### लैंड स्कैम केस में छवि रंजन को झटका, नहीं मिली बेल

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भू-खंडों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की जमानत याचिका पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है. कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया. पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था. छवि रंजन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 21 नवंबर को जमानत याचिका दाखिल की थी. बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में है. इस मामले में उनकी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज है. बता दें कि मामले में ईडी द्वारा अमित कुमार अग्रवाल खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है. इसमें अमित कुमार अग्रवाल, छवि रंजन सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है.







# समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लोहरदगा।** लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला के विद्यालयों में चलाये जा रहे हेल्थ एण्ड वेलनेस की कक्षाओं पर चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि इस संबंध में जिला और प्रखण्ड स्तर पर अनुश्रवण समितियों का गठन हो चुका है। 234 विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए यह कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक विद्यालय में इसके लिए एंबेसेडर बनाये गये हैं। समग्र शिक्षा की समीक्षा में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में छात्र- छात्राओं के लिए जेनरेट की जा रही अपार आईडी के बारे बताया गया। साथ ही बताया गया कि इसके रजिस्ट्रेशन के लिए छात्र/छात्रा का आधार संख्या होना आवश्यक है। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि जिन छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है उनका आधार कार्ड बनाने की कार्रवाई पूरी की जाए। प्रखण्ड स्तर पर ही आधार इनरॉलमेंट का कार्य किया जाए। बैठक में शिक्षकों के लिए नये लर्निंग एप, जैक बोर्ड परीक्षा की तैयारी, विद्यालयों में शिशु पंजी सर्वे, पाठ्यपुस्तक व स्कूल बैक का वितरण, साइकिल वितरण, स्वेटर व पोशाक का वितरण, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय/कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के नामांकन की स्थिति, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में रिक्तियों की स्थिति, शिक्षा विभाग में जिला व प्रखण्ड स्तर पर रिक्तियों की स्थिति पर बिंदुवार चर्चा की गई और निर्देश दिये गये। बैठक में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना पर भी चर्चा की गई और आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में स्टीम ब्लोइंग की कमीशनिंग प्रकिया का सफलतापूर्वक समापन



**पतरातू।** पतरातू में प्रथम इकाई की स्टीम ब्लोइंग प्रक्रिया दो चरणों में सुरक्षा एवम प्रचलन विधि का पालन करते हुए संपन्न की गई। पहला चरण 18.11.24 से 23.11.24 और दूसरा चरण 01.12.24 से 11.12.24 तक पूर्ण किया गया ' स्टीम ब्लोइंग एक अति महत्वपूर्ण और औपचारिक प्रक्रिया है, जो इकाई के जीवन काल में केवल एक ही बार की जाती है ' यह प्रकिया निर्माण कार्य के दौरान पाइप्स और ट्यूब्स में लगी धूल, जंग और वेल्डिंग के दौरान बचे हुए अवशेष निकलने के लिए की जाती है ' इस प्रकिया में स्टीम की गति बढ़ा के उसे पाइप्स और ट्यूब्स से प्रवहित किया जाता है ' इस प्रकिया के सफलतापूर्वक समापन के फलस्वरूप पी वी यू एन एल 800 MW की प्रथम इकाई को जनवरी 2025 माह में विद्युत ग्रीड से जोड़ने जा रहा है '

## पुलिस अधीक्षक गुमला की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्टी सम्पन

**गुमला**ःजिला पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने आज समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी बैठक करते हुए विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा , विधि व्यवस्था संधारण तथा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने के लिए सभी पदाधिकारियों का प्रोत्साहित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारीयों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में हत्या,बलात्कार , पॉक्सो,अपहरण , अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में निर्देश दिया । साथ ही जेल से जमानत पर छुटे अपराधकर्मियों के संबंध में कृत कार्रवाई पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## नई चेतना राष्ट्रीय अभियान के तहत महिला कबड्डी मैच एवं विभिन्न कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जेंडर अभियान के अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा मांडू प्रखंड के मंझला चुम्बा पंचायत में महिला कबड्डी मैच के साथ रंगोली प्रतियोगिता, साँप सीढ़ी खेल शपथ एवं रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यकम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, मुखिया मंझला चुम्बा, बीपीएम जेएसएलपीएस एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। खेल के माध्यम से लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं के प्रति होने वाले हिंसा को रोकने के लिए महिलाओं को जागरूक किया गया।

## सेन्हा कन्या विद्यालय के लगभग एक दर्जन बच्चे अरंडी के बीज खाने से एक दर्जन बच्चे बीमार



सेन्हा थाना क्षेत्र के कन्या विद्यालय के लगभग एक दर्जन बच्चे गुरुवार को अरंडी के बीज खाने से बीमार पड़ गए। सभी बच्चों को गंभीर हालत में गुरुवार को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में भर्ती कर चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। यहां इलाज के बाद बच्चों की हालत में सुधार हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेन्हा कन्या विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग एक दर्जन बच्चे गुरुवार की सुबह घर से स्कूल के लिए निकले थे। इसी दौरान वे स्कूल के पास लगे एक अरंडी के पेड़ पर पहुंचे और उन्होंने नादानी में बीज खा लिए। थोड़ी देर बाद सभी बच्चों की हालत बिगड़ने लगी और वे बेहोश होकर गिरने लगे। एक साथ एक दर्जन बच्चों की हालत बिगड़ने से स्कूल के बाकी बच्चों सहित गांव में अफरा-तफरी मच गई। बच्चों के परिजनों को जानकारी लगते ही उन्होंने स्कूल पहुंचकर बच्चों को लिया और सीधे उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे। जिला अस्पताल में एक साथ इतने बच्चों के पहुंचते ही डाक्टर भी सकते में गए। सभी बच्चों को भर्ती करके तुरंत इनका इलाज शुरू किया गया है। बताया गया है कि स्कूल के बाजू से ही अरण्डी का पेड़ लगा है, जहां अक्सर बच्चे खेल-खेल में अरंडी के बीच अनजाने में खा लिया। जबकि यह बीज जहरीले होते हैं।

## जिंदल आशा, पतरातू में सात दिवसीय शीतकालीन खेल कैंप संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**पतरातू।** जिंदल फाउंडेशन, पतरातू के द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शीतकालीन खेल कैंप का आयोजन किया गया जो जिंदल आशा के खेल मैदान में 5 से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न खेलों जैसे फुटबॉल, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, बोसी और एथलेटिक्स आदि खेलों का आयोजन किया गया। यह कैम्प जिंदल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित किया गया एवं इसमें स्पेशल ओलंपिक भारत के झारखंड अध्यक्ष सतवीर सिंह और उनके टीम के विकास तोम्बे नरेंद्र हांसदा सुष्मिता सोरेन एवं रितेश के देखरेख में कैंप संचालित किया गया। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के नेतृत्व में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, टीम वर्क, शिक्षा, चिकित्सा, आदि सेवा प्रदान किया जा रहा है। साथ ही जिंदल आशा केंद्र के माध्यम से उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का निरंतर प्रयास जारी है। कैंप के समापन में पंजाब रेजीमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मिश्रा बीनू प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह गुरदीप कौर सतीश कुमार सिंह शरण जी रूपेश कुमार परमेश्वर राय सी एस आर प्रमुख रवि निवास के द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिंदल हर संभव मदद कर उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास करती रहेगी। इस कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के अभिभावकों में काफी उत्साहित था। जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चे सभी तरह के खेल एवं गतिविधियों में बढ़ चढ़कर अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे थे जिससे अभिभावकों में खुशी थी। साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में जिंदल के प्रयास की सराहना की गई।

## राष्ट्रीय धरोहर नवरत्न गढ़ नगर में अंचल कार्यालय सिसई द्वारा गैर मजरुआ जमीन का सीमांकन किया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**गुमला.सिसई।** राष्ट्रीय धरोहर नवरत्न गढ़ नगर में अंचल कार्यालय के द्वारा गुरुवार को गैर मजरुआ जमीन (जीएम लैंड) का सीमांकन कार्य शुरू किया गया। इस बावत मौके पर मौजूद सीओ नितेश रौशन खलखो ने बताया कि उपायुक्त गुमला के आदेशानुसार नवरत्न गढ़ राष्ट्रीय धरोहर परिसर क्षेत्र में स्थित निर्माण कार्य स्थल सहित संपूर्ण गैर मजरुआ जमीन का सीमांकन कार्य कराया जा रहा है। नवरत्न गढ़ परिसर में सुन्दरीकरण व शौचालय निर्माण किया जाना है। पुर्व में अंचल कार्यालय द्वारा सीमांकन पर आपत्ति होने पर संबंधित व्यक्तियों से अपने जमीन से संबंधित वैध दस्तावेज के साथ कार्यालय में आवेदन जमा करने और अपना पक्ष रखने की मांग की गई थी। आगे भी किसी व्यक्ति विशेष को आपत्ति हो तो अंचल कार्यालय में वैध दस्तावेज के साथ आवेदन कर अपना पक्ष रख सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा नवरत्न गढ़ परिसर के अंतर्गत गैर मजरुआ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाने और नवरत्न गढ़ परिसर के जिर्णोद्धार, विकास व सुन्दरीकरण कार्य में बाधा या व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय धरोहर के रूप में चयनित नगर डोईसागढ़ नवरत्न किला परिसर के जिर्णोद्धार व विकास कार्य में सभी से सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर डीएसओ गुमला मनोज कुमार,सीओ नितेश रौशन खलखो,स्पेशल डीविजन गुमला के सहायक अभियंता बल्ली उरांव, हल्का उप निरीक्षक सावित्री कुमारी,अमीन प्रेम कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मी व सिसई थाना के एस आई दल-बल के साथ मौजूद थे।

**डायन कुप्रथा को लेकर नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन**

## डायन प्रथा प्रतिषेध में अधिनियम 2001 के प्रति दी गई ग्रामीणों को जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**रामगढ़।** गुरुवार को पतरातू प्रखंड पालू पंचायत के किरिगढ़ा सहित अन्य गावों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन कुप्रथा व इसके रोकथाम को लकेर डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को जानकारी दी गयी कि यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी अन्य व्यक्ति को डायन के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कार्यवाही करें, तो इसके लिए उसे अधिकतम 3 महीने तक की सजा अथवा 1000 रुपए जुमार्ने की सजा अथवा दोनों से दण्डित किया जायेगा। अगर कोई व्यक्ति किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर प्रताड़ित करता है। तो उसे छह माह की सजा या दो हजार रूपए जुमार्ने अथवा दोनों सजाओं से दंडित किया जाएगा। ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान करने के लिए समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो। जिससे उस औरत को हानि पहुंचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रूपए जुमार्ना या दोनों सजा से दंडित किया जाएगा। किसी भी डायन के रूप में पहचान की गयी औरत को जो भी शारीरिक या मानसिक हानि या यातना पहुंचाकर अथवा प्रताड़ित कर झाडफूंक या फिर टोटका द्वारा उसके उपचार के लिए कोई कार्य करता है, तो उसे 1 साल की कारावास का सजा अथवा 2000 रुपए तक जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दण्डित किया जायेगा। इस अधिनियम के सभी अपराध संज्ञेय व गैर जमानती होते हैं।

## किशोरी ने फांसी लगा किया आत्महत्या पहुंची पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगाः** बंसरी ग्राम में 14 वर्षीय किशोरी ने अपने ही घर में फांसी का फंदा मफलर से बना किया आत्महत्या घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में ले जांच में जुटी। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी ग्राम निवासी धनवीर पन्ना की 14 वर्षीय पुत्री सविता पन्ना ने अपने ही घर में गुरुवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना के पश्चात परिजनों को सूचना मिलते ही परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ा जबकि गांव में मातम छाया हुआ है। घटना को लेकर मृतक किशोरी सविता पन्ना के मां सहजी पन्ना ने बताया कि घटना के पूर्व बीते मंगलवार से गुमसुम रहती थी। और समस्या पूछने पर कुछ नही कह कर चुप हो जाती थी। जिससे परिवार को मानशिक स्थिति खराब होने का संदेह हुआ और इलाज के लिए पैसे का इंतजाम कर रही थी कि गुरुवार को घर मे किसी को नही पा कर आत्महत्या कर ली फिलहाल घटना को लेकर सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर एस आई मनोज कुमार दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई।

## मसमानो बेदाल गांव के समीप से अज्ञात चोरों ने 35 पोल के तार की कर ली चोरी

**किसानों ने विभाग को सौंपा ज्ञापन**

**लोहरदगाः** भंडरा थाना अंतर्गत मसमानो पंचायत के मसमानो बोटका नदी की ओर खींची गई 11 हजार पोल के एल्युमिनियम तार को बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। लोगों को तब जानकारी हुई जब सुबह लोग खेत की ओर अपने फसल को पटवन करने के लिए पहुंचे। घटना की जानकारी भंडरा थाना पुलिस को दी गई। इसके साथ ही इसकी जानकारी बिजली विभाग, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता को भी दी गई। इधर मामले की जानकारी मिलने पर भंडरा थाना पुलिस के एसआई शाकिर अली घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से आवेदन मिलने के बाद चोर के घर पकड़ हेतु कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि मसमानो पंचायत अंतर्गत ग्राम मसमानो सहित बेदाल टंगरा टोली, डांड़टोली, भैंसमुंदो, केरा टोली के किसान इस विद्युत के माध्यम से खेती करते है। लगभग 300 किसान अपने खेतों में गेहूं, गन्ना, सरसों, टमाटर सहित अन्य फासले लगाई है। अज्ञात चोरों ने टंगरा टोली जंगल के निकट से दह चौरा तक लगभग 2.5 किलोमीटर खींचे गए 35 पोल के तार को चोरी कर उड़ा ले गए। किसानों ने बताया कि ज्यादा ठंड होने की वजह से सभी जल्दी घर चले गए थे, अंधेरा और ठंड का फायदा उठाकर चोरों ने तार चोरी करने जैसी घटना को अंजाम दिया। तार चोरी कर लिए जाने से किसान काफी चिंतित हैं, उनके द्वारा लगाया गया फसल का पटवन कैसे हो पाएगा। ग्रामीणों ने उक्त चोरी किए गए तार मामले को लेकर सहायक अभियंता विद्युत विभाग लोहरदगा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें तार लगवाने की अपील की गई। किसानों ने कहा कि यदि विभाग की ओर से जल्द तार मुहैया नहीं कराया जाता है, तो खेतों में लगाए गए फसल बर्बाद हो जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सूरज उरांव, बबलू उरांव, सुभाष पन्ना, दिलीप उरांव, बिनोद उरांव, इलियाजर पन्ना, अरशद अंसारी, राजेश उरांव, एतवा उरांव, हबीब अंसारी, करमु उरांव, रूपेंद्र उरांव, मुर्शीद अंसारी, कारू साहू, कमलेश्वर साहू, अनिल साहू, लालू अंसारी, संजू उरांव, लक्ष्मण महतो सहित गांव के सैंकड़ों ग्रामीण किसान शामिल है।

## लोहरदगा जिले के ग्राम बसरी मे ग्राम प्रधान के अध्यक्षता मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया व बाल विवाह के रोकथाम को लेकर किया जागरूक



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के ग्राम बसरी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक का अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की गई।इस बैठक में ग्रामीणों ,ग्राम प्रधान नगुवा पाहन , मुखिया फुलमनी उरांव ,पंचायत सचिव महफूज अंसारी ,वार्ड सदस्य उमेश उराँव, स्वास्थ्य सहिया लाली उराँव LGSS संस्थान के प्रतिनिधि द्रौपदी कुजूर,संदीप रविदास, की उपस्थिति में आयोजित किया गया। ग्राम सभा द्वारा आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के संकल्प लिया साथ ही बाल मजदूर ,बाल व्यापार, बाल यौन शोषण पर रोकथाम करने का निर्णय लिया गया।उपस्थित सभी सदस्यों के साथ चर्चा-परिचर्चा कर सर्व सहम्मति से नियमावली तैयार किया गया, गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। गांव के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा। गांव में किसी भी बच्चे से मजदूरी का काम नहीं कराया जाएगा। साथ ही उचित सहायता के लिए संबंधित विभाग से जोड़ा जाएगा। गांव में किसी भी बच्ची (लडकी बालिका) की शादी 18 वर्ष और बच्चा( लडका बालक )की शादी 21 वर्ष से पूर्व नहीं किया जाएगा। गांव में किसी भी बालिका या बालक के साथ यौन शोषण होने से रोका जाएगा। गांव अंतर्गत उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियम अनुसार करवाई किया जाएगा।साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा सभी नियमों को शक्ति के साथ पूरे गांव में लागू करने का प्रस्ताव किया गयाऔर सभी ग्रामीण परिवारो को नियमो का पालन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अनुमोदन किया गया ग्राम बसरी को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित किया गया।ज्ञातव्य हो कि लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान द्वारा जिले में चल रहे एक्सेस टो जस्टिस न्याय तक पहुंच कर्यक्रम जून 2024 से चलाया जा रहा है।।

## अबुआ आवास योजना के नाम पर जनसेवक ने की पैसे की मांग, परेशान ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**किस्को।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हिसरी गांव में अबुवा आवास योजना के लाभ दिलाने के नाम पर जनसेवक द्वारा पैसे की मांग करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार हिसरी गांव में 80 लाभुकों को अबुवा आवास योजना के लिए जियो टैग किया गया था जिसके बाद जनसेवक तनवीर अंजुम द्वारा लाभुकों से आवास योजना की राशि डालने के नाम से 5000 - 5000 रुपए का मांग किया गया साथ ही पैसे नहीं देने पर योजना का लाभ नहीं देने की बात कही जा रही है। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा जनसेवक का विरोध कर पैसे नहीं देने की बात पर अड़े रहे हैं। कई ग्रामीणों के अबुवा आवास योजना की राशि नहीं आई मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त को गुरुवार को ज्ञापन सौंप करवाई का मांग किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि लगातार जनसेवक द्वारा मानसिक प्रताड़ना दिया जा रहा है जिससे वो काफी परेशान है उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में करवाई की मांग की है।

## कृषि कार्यालय परिसर में कृषि मेला कर्मशाला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, किसानों को दी गई रबी फसल के उत्पादन की जानकारी

**लोहरदगा।** लोहरदगा कृषि कार्यालय परिसर में गुरुवार को किसानों को रबी फसल के उत्पादन को लेकर प्रशिक्षण दिए किया गया। इस मौके पर कृषि मेला, कर्मशाला प्रदर्शनी, प्रशिक्षण,भ्रमण, प्रोत्साहन, पुरस्कार तथा प्रचार प्रसार को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। किसानों को बीजोपचार की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया की मौसम के अनुसार फसलों को पहुंचने वाले नुकसान से बचने की भी जानकारी दी गई। साथ ही रबी फसल के बेहतर उत्पादन को लेकर उठाएं जाने वाले कदमों की जानकारी भी दी गई।

# जनता दरबार लगा कर उपायुक्त ने आम जनों की समस्याओं से अवगत हुए

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक बुरी तरह घायल,सदर अस्पताल में चल रहा इलाज



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत सेलमपुर के रहने वाले एक युवक मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घायल युवक गोविंद कुमार साह उम्र 25 वर्षीय पिता शंकर साह सेलमपुर के रहने वाले ने बताया कि बुधवरिया में साढे पांच बजे शाम में मोटरसाइकिल से जा रहे थे, इसी दौरान अचानक बकरी मोटरसाइकिल के सामने आ गया बकरी को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जहां घायल युवक को पूरे शरीर में गंभीर चोट लगा। जहां घायल युवक के परिजनों ने रात्रि 9:30 बजे सदर अस्पताल साहिबगंज उपचार के लिए लाया गया,युवक का उपचार होने के बाद स्थिति ठीक है।

## अचानक घर में आग लगने से हजारों का नुकसान,कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)** ।गुरुवार को दोपहर राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 में अचानक आग लगने से एक घर जलकर राख हो गया। इस घटना में दो कमरा सहित घर में रखें हजारों रूपए का समान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 निवासी आरिफ शेख के घर में गुरुवार की दोपहर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। आगलगी की खबर सुनते ही आसपास अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्नि पीड़ित परिवार ने बताया कि आग लगने के क्रम में दो रूम,एक किचन, जमीन केवला, घर के सभी मेंबर का कुल लगभग 6 भारी चांदी, लगभग 1 भारी सोना, एक गोदरेज, एक अलमीरा, एक पलंग, सभी बर्तन, घर के सभी परिवारिक मेंबरों का लगभग 25 से 30 हजार तक का कपड़ा, और अन्य समान जलकर राख हो गया।

## दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)** ।गुरुवार को राजमहल थाना क्षेत्र में हुई दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल ।जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर दियारा पंचायत बैंगडुब्बी गांव में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी जमीन मामले को लेकर आपसी विवाद हो गई। जिसमें दोनों पक्ष आपस में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें गांव के नबी हुसैन 42 वर्ष घायल हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

**लोगों को जल्द समस्याओं से निजात दिलाने का दिया आश्वाशन**

# जलजमाव की समस्या को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी व विधायक प्रतिनिधि ने लिया जायजा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)** ।बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 के प्रोफेसर कॉलोनी में हो रहे जल जमाव की समस्या के समाधान हेतु कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार अपने पूरे टीम के साथ प्रोफेसर कॉलोनी पहुंचकर स्थल का जायजा लिया,तथा जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार को निर्देश दिया कि सड़क एवं नाली का मापी करके सही तरीके से प्राक्कलन तैयार करे,जिससे भविष्य में सड़क के ऊपर जल जमा ना हो तथा जल जमाव की समस्या से वार्ड वासियों को निजात मिल सके ।विद्यायक प्रतिनिधि बरकत खान व बरहरवा नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों को जल्द समस्या से निजात दिलाने का आश्वाशन बीज दिया है ।मौके पर सहकारिता विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शहनवाज नासीर, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, सिटी मैनेजर देव जी,जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार, रवि उरांव, अंकित कुमार,अंकित जी, टैक्स दरोगा मुकेश कुमार,महमूद आलम, रणजीत टुडू,अमीन जी मौजुद थे।

## राजमहल पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार राजमहल थाना पुलिस ने थाना के सामने मुख्य सड़क पर वाहन जांच अभियान चलाया ।इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों की जांच की गई। वाहन जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस,आरसी, हेलमेट सहित अन्य कागजात की जांच हुई ।वाहन जांच अभियान में दर्जनों मोटरसाइकिल का जांच किया गया। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार सघन वाहन जांच किया गया। थाना प्रभारी ने चालकों को हेलमेट लगाकर ड्राइविंग करने को कहा गया तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई करेगी ।साथ ही बताया कि 40 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया है ।वही जांच अभियान के दौरान वाहन चालकों के बीच भारी हड़कंप मचा हुआ दिखाई दिया।

## झामुमो नेता सह समाजसेवी जैनुल आबेदीन शेख ने ठंड से बचाव के लिए प्रशासन से अलाव जलाने की मांग



**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** तापमान में अचानक गिरावट होने से पिछले कुछ दिनों से ठंड काफी बढ़ गई है। ठंड के मौसम में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए चांद शहर पंचायत के झामुमो नेता सह समाजसेवी जैनुल आबेदीन शेख ने प्रशासन से अलाव जलाने की व्यवस्था की मांग की है। इस दौरान जैनुल आबेदीन शेख ने कहा कि ठंड के मौसम में प्रशासन की ओर से जगह जगह अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि लोग ठंड से बच सकें। उन्होंने आगे कहा कि अलाव जलाने की व्यवस्था करने से गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस मामले में स्थानीय लोगों ने भी समाजसेवी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में अलाव जलाने की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है, ताकि लोग ठंड से बच सकें ।इस मामले में सरकार को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोगों को ठंड से बचने में मदद मिल सके।

## उपायुक्त ने किया उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण



**साहिबगंज(उजाला)** ।जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण किया गया ।उपायुक्त के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम भवन का पूर्ण जायजा लिया गया ।वहीं उपायुक्त ने उपभोक्ता संरक्षण फोरम में दायर मामले के विषय में जानकारी ली। बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण फोरम में लंबित 140 दायर मामले हैं वहीं उपायुक्त ने सभी मामलों को तत्वरित निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया ।मौके पर प्रिति कुमारी सदस्य, काजल कुमार दत्ता कार्यालय सहायक एवं अन्य उपस्थित थे।

# मानवाधिकार, लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की गई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)** ।जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न संस्थानों में नियुक्त व्यक्तियों के चरित्र सत्यापन मानवाधिकार, लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की ।राष्ट्रीय मानव अधिकार से संबंधित प्राप्त मामला 44 बताई गई जिनमें कल निष्पादित मामले 33 एवं लंबित मामले 07 है। उपायुक्त ने तत्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया ।लोकायुक्त से संबंधित प्राप्त मामला 55 बताए गए जिसमें कुल निष्पादित मामले 54 है, लंबित मामलों की संख्या 01 हैं, जिसमें संबंधित विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है ।चरित्र एवं पूर्ववृत हेतु प्राप्त मामले 459 बताए गए जिनमें कुल निष्पादित मामले 362 रही लंबित मामलों में 103 है जिनमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय साहिबगंज से जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है ।मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा व अन्य उपस्थित थे।

## उधवा के प्रवासी मजदूर की पंजाब में ठंड से मौत, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज पंचायत अंतर्गत सीताराम टोला गांव के एक प्रवासी मजदूर की बुधवार को अचानक ठंड से मौत हो गई है। यह घटना पंजाब शहर में घटी, जहां मृतक मजदूर मजदूरी के लिए गया था ।मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण बेगमगंज पंचायत के सीताराम टोला निवासी मीतीन मंडल (68) पंजाब शहर में बिगत दो माह पूर्व मजदूरी के लिए गया था। दूरभाष से परिजनों को सूचना मिली की मीतीन मंडल की अचानक ठंड से मौत हो गई है ।खबर सुनने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मीतीन मंडल मजदूरी के लिए पंजाब गया था, लेकिन वहां की ठंड की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। वही गुरुवार को मृतक का शव पैतृक गांव दक्षिण बेगमगंज पहुंचेगा, जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)** ।उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई ।जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 19 मामलों को रखा गया ।बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आठ आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन आठ आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के हाथों देने हेतु निर्देशित किया गया ।साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है। उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया ।स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों के आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया ।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण



**साहिबगंज(उजाला)** ।जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया गया ।समहरणालय परिसर में उपायुक्त हेमंत सती के हाथों देर शाम समाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 13 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बताया गया कि जिला में 300 से अधिक दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण का लक्ष्य है ।मौके पर सहायक निदेशक,जिला सामाजिक सुरक्षा अनिल कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## 4 साल की बच्ची को धारदार हसवा से वार कर किया घायल



**साहिबगंज(उजाला )** ।बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत पेटखसा के 4 साल की बच्ची को धारदार हसवा से वार कर घायल कर दिया। वहीं घायल बच्ची के पिता जितेंद्र बागती से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरी 4 साल की बेटी अनुष्का कुमारी को 4:00 बजे के करीब अपने ही चाचा शक्ति बागती ने धारदार सब्जी काटने वाला हसवा से गर्दन और कान के पास वार कर दिया और वह मूर्छित होकर लहू लोहान जमीन पर गिर कर बेहोश हो गई। घायल बच्ची की पिता ने बताया कि मेरे भाई शक्ति बागती पहले भी तीन से चार बार दिमागी संतुलन खोने से मेरी बेटी को मारा है। और मेरे भाई का दिमागी संतुलन पहले से ठीक नहीं है। इस घटना की सूचना परिजनों ने बरहेट थाना को दिया सूचना मिलते ही बरहेट थाना दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बच्ची को अपने कब्जे में लेते हुए प्राथमिक उपचार कराकर बेहतर इलाज के लिए बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार यादव ने साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां सदर अस्पताल साहिबगंज में ड्यूटी पर तैनात केशव कृष्णा इलाज में तुरंत लग गए अभी बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मासिक अपराध गोष्ठी की समीक्षा बैठक में एसपी ने सभी थानेदारों को दिए जरूरी दिशा निर्देश

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो



**पाकुड़ :** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में गुरुवार को मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे माह नवम्बर में किये गए कार्यो की समीक्षा के उपरांत सभी थाना/ओपी प्रभारी/संबंधित शाखा प्रभारी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष/भयमुक्त/शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पाकुड़ जिले के पुलिस पदाधिकारियों/पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। माह नवम्बर 2024 में प्रतिवेदित एवं निष्पादित कांडों की समीक्षा की गई एवं माह नवंबर के अंत तक कुल लंबित 431 को घटा कर 400 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। थाना/ओपी में लंबित सभी कांडों का विस्तृत समीक्षा कर प्रत्येक सप्ताह समीक्षा प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु सभी डी.एस.पी./पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया। अनावश्यक रूप से लंबे समय से कांडों को लंबित रखने वाले अनुसंधानकर्ता को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कारवाई हेतु प्रतिवेदन समर्पित का निर्देश सभी डी.एस.पी/पुलिस निरीक्षक प्रभाग को दिया गया। माह नवम्बर के अंत तक प्रतिवेदन सभी कांडों का पर्यवेक्षण प्रतिवेदन दिनांक 15.12.2024 तक समर्पित करने हेतु सभी पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया। अमरापारा से दुगार्पुर रेलवे साइडिंग तक कोयला रोड में ट्रकों से कोयला चोरी कर साइकिल/मोटरसाइकल एवं अन्य वाहनों से अवैध कोयला परिवहन/भंडारण करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध विधि सम्मत करवाई करने का निर्देश दिया गया। अवैध कोयला/बालु/पत्थर के उत्खनन/परिवहन/भंडारण के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को उपलब्ध कराने एवं आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया गया। विगत दिनों में घटित चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाने एवं पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया विशेषकर रात्रि में अत्यधिक सतर्कता के साथ भ्रमणशील रहने का आदेश दिया गया। सभी थाना/ओपी प्रभारी को अपने स्तर से अभियान चलाकर लंबित वारंट/कुर्की का निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। परिवाद पत्र/ पासपोर्ट/ चरित्र सत्यापन का निष्पादन निर्धारित समय में करने हेतु निर्देश दिया गया। डायल 112 द्वारा प्राप्त शिकायत पर जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। थाना में आने वाले फरियादियों/आवेदको का शालीनता के साथ उनकी समस्याओं को सुनने एवं त्वरित जांचोपरांत विधि सम्मत आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया। यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन नियमित रूप से कार/ मोटरसाइकिल/ टोटो चालक का हेलमेट/ सिटबेल्ट/ रजिस्ट्रेशन/ इंश्योरेंस इत्यादि की जांच करने का निर्देश दिया गया।

# उपायुक्त ने 20 पंचायत सचिव / प्रमुख के आदेशपाल को एमएसीपी का दिया लाभ



यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत स्थापना समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत स्थापना अंतर्गत पंचायत सचिव/ प्रमुख के आदेशपाल को देय एमएसीपी हेतु कुल 20 पंचायत सचिवों को एमएसीपी का लाभ दिया गया। जिसमें 12 पंचायत सचिव/ प्रमुख के आदेशपाल को प्रथम एमएसीपी, 2 पंचायत सचिव को तृतीय एमएसीपी, 4 पंचायत सचिवों को प्रथम एवं द्वितीय एमएसीपी, 2 पंचायत सचिवों को द्वितीय एवं तृतीय एमएसीपी का लाभ दिया गया। मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू समेत अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से डॉक्टरों की कमी एवं उर्दू विद्यालयों को पुन: चालू करने की मांग रखा : झामुमो पूर्व केंद्रीय सदस्य शाहिद इकबाल

**उर्दू विद्यालयों सहित विलय किये गये विद्यालयों के मुख्यमंत्री से स्वतंत्र करने की मांग शाहिद इकबाल ने किया**

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो



**पाकुड़:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में भेंट के दौरान पाकुड़ जिले के जनसमस्याओं से संबंधित झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने एक आवेदन दिया। झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान आकृष्ट करते हुए पाकुड़ सदर अस्पताल में डॉक्टर, नर्स की काफी कमी है। अठट 153 पद है जिसमें केवल 30 कार्यरत है। महिला, बच्चा एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ के डॉक्टर नहीं है। पाकुड़ जिले में 103 डॉक्टरों का पद है जिसमें पाकुड़ जिले में सदर अस्पताल एवं पीएचसी में 26 डॉक्टर ही कार्यरत है। जिसमें अध्ययन अवकाश में 9 डॉक्टर, 3 इस्तीफा और 3 डॉक्टर अनाधिकृत रूप से गायब है। कुल मिलाकर के पाकुड़ सदर अस्पताल पीएचसी की स्थिति चिंताजनक है। शाहिद इकबाल माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को आवेदन देकर ध्यान दिलाया कि 2016-17 में रधुवर सरकार के कार्यकाल में झारखंड के 4096 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय का अन्य विद्यालययों में विलय कर दिया गया था। जिसमें पाकुड़ जिले के छः उर्दू विद्यालय भी शामिल थे। विशेष सूत्रों से पता चला है कि इस इस विषय पर हेमंत सरकार विलय किया गया विद्यालय की पुनर्वापसी के लिए कार्य कर रही है। ज्वलंत समस्याओं की ओर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का ध्यान आकृष्ट करने के बाद पाकुड़ जिले के इन समस्याओं के समाधान में तत्परता के साथ कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

# पणन सचिव ने शहर के विभिन्न थोक एवं खुदरा आलू प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण



यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

**पाकुड़ :** जिले में आलू की जमाखोरी व कालाबाजारी नहीं हो तथा जिलेवासियों को उचित मूल्य पर आलू उपलब्ध हो इस बाबत उपायुक्त के निदेर्शानुसार पणन सचिव संजय कच्छप ने शहर के विभिन्न थोक एवं खुदरा आलू प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में तांतीपाड़ा, हरिणडांगा, डेली मार्केट, हाटपाड़ा बाजार मो बंगाल से आने वाली आलू खुदरा भाव ?30 से 32 रुपए प्रति किलोग्राम एवं थोक दर 2600 रूपए एवं 2700 रुपए प्रति क्विंटल के भाव मे उपलब्ध है। पणन सचिव ने बताया कि जिले में आलू की कोई कमी नहीं है। साथ ही जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है, किसी भी प्रकार के खाद्यान की कालाबाजारी व जमाखोरी के विरुद्ध दोषियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा। सभी आमजन से भी उन्होंने अपील किया कि उचित मूल्य पर आलू की खरीदारी करें।

# उपायुक्त ने यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की, दिए जरूरी दिशा निर्देश

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो



**पाकुड़ :** शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा को लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार ने बैठक की। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिले में सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की, दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट पर हादसों में कमी लाई जा सके। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब बनाने का निर्देश दिया। साथ ही रोड सेफ्टी एग्जीबिशन का आयोजन जनवरी में करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही स्पेशल ड्राइव चलाएं, भारी वाहनों की नियमित जांच करें और ओवर लोडिंग, रेडियन लाइट व अन्य जरूरी मापदंड नहीं होने की स्थिति में वैसे वाहनों पर फाइन लगाएं। साथ ही सभी हाइवा की भी जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों के बीच जागरूकता भी आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने टोटो चालक, समाजसेवी के साथ सड़क जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित करने की भी बात कही। उन्होंने हिट एंड रन योजना के तहत योग्य लोगों को लाभान्वित करने की बात कही,इसपर परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वित्तिय वर्ष में 3 लोगों को इसका लाभ दिया गया है।वहीं गुड सेमेरिटन योजना के तहत 3 लोगों को चिंहित किया गया है। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री संजय पीएम कुजूर, एमवीआई, सड़क सुरक्षा के कर्मी उपस्थित थे।

# शादी के मौके पर दूल्हा-दुल्हन को यूथ चैरिटी ने किया आर्थिक सहयोग




यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

**पाकुड़ :** मुफस्सिल थाना अंतर्गत कलिकापुर के रहने वाले अमिरुल इस्लाम की बेटी शाहिना की शादी धूलियान में इब्राहिम नामक व्यक्ति के साथ गुरुवार को संपन्न हुई. अमीरुल इस्लाम का परिवार बेहद गरीबी से जूझ रहा है. ऐसी स्थिति में अपनी लड़की की शादी करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा. इस बात की सूचना जब यूथ चैरिटी के सदस्यों को मिली शादी के दिन यानी गुरुवार को ही शादी के मौके पर पहुंचकर दूल्हा दुल्हन को आर्थिक सहयोग करते हुए एक बार फिर से दरियादिली दिखाई है.यूथ चैरिटी के इस कदम से अमीरुल इस्लाम का पूरा परिवार खुश नजर आया. साथ ही परिवार वालों ने यूथ चैरिटी के सदस्यों के लिए दुआएं भी की.जानकारी के लिए बता दे कि यूथ चैरिटी कुछ ही महीने के अंदर अपने समाज सेवि कार्यों से लोगों के जुबान पर आज आ गई है. चाहे किसी जरूरतमंद को रक्तदान करने का कार्य हो या फिर आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों की मदद करना हो. समाज के हित के लिए इस संस्था की ओर से हमेशा ऐसे जरूरतमंदों को मदद की जा रही है. दिन-ब-दिन इस संस्था से बहुत सारे नौजवान और बुजुर्ग जुड़ते जा रहे हैं. मौके पर उपस्थित संस्था के मुख्य संचालक अकीमुद्दीन शेख, अस्फारुल हक के अलावा बाकी सदस्य मौजूद थे.

# युवा पत्रकार संपत गोप का रांची रिम्स में निधन, पत्रकार जगत में शोक की लहर

कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता



**सिंदरी/ बलियापुर /धनबाद।** बलियापुर निवासी युवा पत्रकार संपत गोप की गुरुवार मौत हो गई। उनके निधन से पत्रकार जगत के साथ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे बड़े ही सरल एवं मृदूभाषी स्वभाव के थे। वे निर्भीक पत्रकारिता के रूप में जाने जाते थे। वर्तमान में संपत गोप स्टार 24 लाइव न्यूज में कार्य कर रहे थें। इसके पूर्व पिछले दशक में विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़कर पत्रकारिता का कार्य कर चुके थे। उनके निधन से पत्रकारिता क्षेत्र में अपूरणीय क्षती हुई है ।

स्वजनों से मिली सूचना के अनुसार गुरुवार दोपहर 1:00 बजे रांची रिम्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। तबीयत बिगड़ने से पिछले एक हफ्ते से रांची रिम्स अस्पताल में इलाजरत थें। उनकी तीन बेटियां थीं। जिसमें बड़ी बेटी का विवाह हो गया है। वें अपने पीछे वृद्ध पिता और दो बच्चियों को छोड़ गए। परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बेटियो का रो-रो कर बुरा हाल है। उनके निधन पर जिले के सभी पत्रकारों ने शोक प्रकट करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। उनके पार्थिव शरीर को किस मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा इसकी जानकारी नहीं है। स्वर्गीय संपत गोप के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में नेपाल चंद्र महतो, राजेश कुमार सिंह , शंकर पांडेय, राहुल पांडेय, बरमेश्वर शर्मा, अजय कुमार ,कुलबीर सिंह ,सरदार हरिंदर सिंह, रतन अग्रवाल, सतीश मिश्र,दीपक मिस्त्री, सुरेश महतो, सुरेश सिंह, नरेंद्र जोशी, विजय ठाकुर, प्रेम शर्मा ,राजकुमार शर्मा , रवि फिलिप्स इत्यादि।

## समय की मांग उन्नत तकनीक को अपनाये किसान : प्रखंड विकास पदाधिकारी

**डाडी।** प्रखंड कार्यालय में एनएफएसएम योजना अंतर्गत प्रखंड विकाश पदाधिकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य की उपस्थिति मे बीज का वितरण किया गया प्रखंड के कनकी,हुआग होन्हेमोडा, डाडी, बालसगारा, मिश्राई मोडा ,रबोध के 5 दर्जन से ज्यादा किसानो के बीज चना, मसूर और सरसो का बीज वितरण किया गया बीज के साथ उपादान के रूप मे किसान को डोलोमाईट, करबेण्डाजिम, पीएसबी, एन पी भी दिया गया प्रखंड विकाश पदाधिकारी कमल कांत वर्मा ने बताया की आत्मा द्वारा उन्नत किस्म के बीच उपलब्ध कराये जा रहे है ताकि अच्छे से खेती कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। सरकार द्वारा जो बीज किसानों के बीच वितरण किया जा रहा है वह बहुत ही गुणवत्ता पूर्ण तरीके से तैयार किया हुआ है। उन्होंने बताया की प्रत्यक्षण के लिए निः शुल्क बीज का वितरण किया जा रहा समय की मांग है जब किसान भाई उन्नत तकनीक को अपनाए जो किसान उन्नत तकनीक से खेती कर रहे हैं वे भरपूर मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने प्रखंड के कई किसानो के बारे मे बताते हुए उन्होंने कहा की आज ये सारे किसान उन्नत तकनीक अपनकर स्वावलंबी हैं। उन्हें खेती में मुनाफा ही मुनाफा नजर आ रहा है। डाडी प्रमुख ने बताया की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इसका लाभ किसान भाई ले ताकि उनका उत्पादन बढ़ सके।

# सीनियर लीग क्रिकेट टूनार्मेट में मनीरामपुर ने चेंगाडांगा को हराया, नईम अख्तर ने दिखाया जलवा



यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

**पाकुड़ :** शहर के रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में सीनियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन और शुभारंभ गुरुवार को हुआ. गुरुवार को पहला मैच मनीरामपुर बनाम चेंगाडांगा के बीच खेला गया. सबसे पहले टॉस किया गया जिसमें चेंगाडांगा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया. चेंगा डांगा की टीम ने बैटिंग करते हुए 127 रन का स्कोर मनीरामपुर के सामने रखा. 127 रन का स्कोर रखते हुए तमाम विकेट भी खो दिए.मनीरामपुर की टीम ने 128 रन बनाने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरे और लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 9 विकेट पर 129 रन बनाकर जीत हासिल की. टूनार्मेंट के आखिर में मैन ऑफ द मैच के तौर पर नईम अख्तर को चुना गया. नईम अख्तर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में तीन विकेट लिए और इस 6 ओवर के दौरान कुल बैट्समैन को 27 रन मिला. वही नईम अख्तर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 53 गेंदों में 47 रन बनाएं. नईम अख्तर मनीरामपुर का ही रहने वाला है और क्रिकेट में काफी दिलचस्पी रखता है. जिसकी पढ़ाई लिखाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में हो रही है. इससे पूर्व में भी नईम अख्तर ने कई क्रिकेट टूनार्मेंट के अवसर पर बेहतरीन परफॉर्मेंस किया है.

# पंचायत समिति सदस्यों ने किया समीक्षा बैठक का बहिष्कार, विभिन्न मांगों को लेकर पंसस प्रखंड कार्यालय के समीप बैठे धरना पर

**बीडीओ के आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त**

झारखंड उजाला, संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी ।जिसका पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बहिष्कार कर दिया और बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय के गेट के समीप धरना पर बैठ गए। पंचायत समिति सदस्यों का कहना है कि आज तक जितनी भी बैठकें हुई उसका एक भी पारित किए गए प्रस्तावों पर कार्यवाही नहीं की गई इसलिए हम लोग अपने क्षेत्र में जवाब देने के काबिल नहीं बचे और जब तक कार्यवाही नहीं होगी तब तक बैठकों का बहिष्कार होता रहेगा। उधर इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर बताया कि प्रधान लिपिक खुर्शीद आलम की अनुपस्थित होने के कारण पिछले मीटिंग का प्रोसिडिंग नहीं मिल पा रहा है जिससे नाराज होकर जनप्रतिनिधि बैठक का बहिष्कार किया जिसको लेकर प्रधान लिपिक खुर्शीद आलम बीपीओ पंकज कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार को कारण बताओं नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है। इसके बाद पंचायत समिति सदस्यों द्वारा दिए जा रहे धरना को समाप्त किया गया।

**क्या–क्या है मांग–**

बहिष्कार करने के उपरांत धरना पर बैठे पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बताया कि विधिवत सभी पंचायत समिति सदस्य व मुखिया तथा जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि के बीच विभागों का बंटवारा किया गया जिस पर कोई कार्य न होना, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समय पर पदाधिकारी व कर्मचारियों का न पहुंचना, गरीब लोगों को काम न होकर लेनदेन करने वालों का काम होना जिसके कारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर रहना, अंचल कर्मी व पदाधिकारी का किसी भी बैठक में शामिल न होना, कर्मचारियों द्वारा हल्का व पंचायत भवन में उपस्थित न होना, गोंदलपुरा पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो की हत्या का आज तक उद्वेदन नहीं होना मुख्य मांगों में शामिल है। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, किशोर कुमार बेदिया, रितेश ठाकुर, रणजीत कुमार चौबे, कृष्णा राम, उर्मिला कुमारी, कोशिला कुमारी, सुनीता देवी, रमणिका कुमारी, सुमन कुमारी, सुनीता देवी, मेधा कुमारी, गणेश साव, गीता देवी, बामणी देवी, प्रभु राम आदि मौजूद थे।

# कैंपस प्लेसमेंट में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के 10 विद्यार्थियों का चयन

झारखंड उजाला, संवाददाता



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कृषि विभाग से 10 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन फार्मर रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर हुआ है। इससे पूर्व भी नवंबर माह में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों का चयन इसी पद के लिए किया गया था। चयनित विद्यार्थियों में इशिका कुमारी, नीरज कुमार, संजय कुमार महतो, पूनम कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रिया श्रीवास्तव, रोयल कुमार, चंदन कुमार, हरि किशोर प्रसाद व अभिषेक कुमार के नाम शामिल हैं। बता दें कि सभी विद्यार्थियों का चयन फार्मर फेस कंपनी के लिए एचआर अर्चना चतुर्वेदी व अमर कुमार के द्वारा लिए गए वर्चुअल साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि कृषि विभाग में भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की यह कोशिश है कि यहां के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ प्लेसमेंट का भी अवसर प्राप्त हो, जिससे उनके सफल जीवन को एक सही दिशा मिल सके। कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि कृषि विभाग के विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ साथ लगातार प्रैक्टिकल वर्क कराए जाते हैं। साथ ही पाठ्यक्रम के मुताबिक इंटर्नशिप भी कराए जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों को अधिक लाभ मिलता है। टीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि लगातार विभिन्न कंपनियों के संपर्क में हैं और कैंपस प्लेसमेंट बढ़ाने की दिशा में विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी, प्रतिभा हेंब्रम आदि थे।



# कितना सही है नाश्ते में दही लेना

**नाश्ते में हम सभी कुछ ऐसा खाना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी हो और हमारे शरीर को पूरा दिन काम करने की एनर्जी देता रहे। ऐसे में ज्यादातर लोग किसी ना किसी रूप में नाश्ते में दही खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या नाश्ते में दही लेना एक स्वस्थ विकल्प है?**

## पाचक होती है लेकिन नींद दिलाती है

- यदि आपके दिन शुरुआत ही दही के साथ हो रही है तो यह आपको एनर्जी देने के स्थान पर नींद दिला सकती है और शरीर में सुस्ती बढ़ा सकती है। इसलिए दही कभी भी आपके फर्स्ट फूड का भाग नहीं होना चाहिए। हालांकि दही नाश्ते का एक शानदार हिस्सा है। यदि आप इसे खाते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखते हैं तब.

## समझे विरोधी बातों का अर्थ

- एक तरफ तो हम कह रहे हैं कि दही नाश्ते में खाना अच्छा है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि इसे खाने से सुस्ती बढ़ सकती है। दरअसल, ये दोनों ही बातें सही हैं। दही खाने पर आपको एनर्जी मिलेगी या सुस्ती आएगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि दही खाने का आपका तरीका क्या है।

## इस तरह खाएं और इस तरह ना खाएं दही

- आप नाश्ते में चपाती, पराठा, चिल्ला आदि के साथ दही खा सकते हैं। एक कटोरी दही का सेवन नाश्ते में करना शरीर के लाभकारी होता है और पाचनतंत्र को सही करता है। साथ ही शरीर को दिनभर के लिए ऊर्जा देने में लाभकारी होता है।
- लेकिन नाश्ते में दही का सेवन तभी करना चाहिए जब आप सुबह के समय नाश्ते से पहले कुछ खा या पी चुके हों। जैसे, सुबह की शुरुआत आपने पानी के साथ की हो और फिर चाय-टोस्ट, स्प्राउट्स या ड्राईफ्रूट्स आदि खाए हों। इसके एक घंटे बाद यदि आप नाश्ते में दही का सेवन करते हैं तो आपको नींद नहीं आएगी। आपको गैस बनने की समस्या है तो इन 5 सब्जियों से बचना चाहिए

## खाली पेट नहीं खानी चाहिए दही

- सुबह के समय आप नाश्ते में केवल मीठी दही का उपयोग कर सकते हैं। खट्टी दही खाने से परहेज करें। साथ ही नाश्ते में दही खाते समय आप इसमें एक चम्मच शक्कर मिला सकते हैं। यदि आपको शुगर की समस्या नहीं है तब।
- दिन की शुरुआत यदि किसी भी कारण देरी से हुई हो और आपके पास नाश्ता करने का समय ना हो तो भूलकर भी खाली दही ना खाएं। यदि आप खाली पेट दही खाते हैं तो आपको जबदस्त नींद आएगी और आप खुद को बहुत थका हुआ अनुभव करेंगे।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खाली पेट दही खाने से कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर कम होने की समस्या हो जाती है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो कम होता है और ऑक्सीजन का स्तर घटने लगता है। यही कारण है कि बहुत तेज नींद आती है और बेहोशी जैसा अनुभव होता है।





**आप चाहे मानसिक काम अधिक करते हैं या शारीरिक काम। यदि आपको काम करते समय बहुत जल्दी थकान होने लगती है तो इसका एक अर्थ यह होता है कि आपके शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या है। जी हां, केवल पोषण की कमी के कारण ही नहीं बल्कि शरीर में पानी की कमी के कारण भी जल्दी थकान होती है। जो लोग नियमित रूप से जरूरी पानी नहीं पीते हैं, उन्हें काम करते समय अधिक थकान होना और अन्य लोगों की तुलना में जल्दी थकान होने जैसी समस्याएं होती हैं। जानें, जल्दी थकान होने के अन्य कारण और उनके निवारण के तरीके**

# लगातार बनी रहती है थकान तो ऐसे रखें अपना ध्यान

## जल्दी थकने की वजह

- आमतौर पर जो लोग बहुत जल्दी थकान होने की समस्या से पीड़ित होते हैं, उनके शरीर में कुछ खास तत्वों की कमी देखने को मिलती है.
- पानी की कमी
- खून की कमी
- विटमिन-बी12 की कमी
- फोलेट या फॉलिक एसिड की कमी देखने को मिलती है।

जल्दी थकान से बचने के तरीकों में ना केवल अपने खान-पान पर ध्यान देना है बल्कि यह भी ध्यान देना है कि जिस डायट का सेवन आप कर रहे हैं और जिन ड्रिंक्स को आप ले रहे हैं, क्या वे आपके शरीर की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। यहां जानें कैसे रखा जाएगा इस बात का ध्यान.



## तरल पदार्थों का सेवन

- जल्दी-जल्दी होने वाली थकान की समस्या से बचने के लिए जरूरी है कि आप तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। इनमें जूस, सूप, छांछ, दाल इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ ही समय-समय सादा पानी पीते रहें। वयस्कों को हर दिन कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए।

## तनाव को नियंत्रित करना सीखें

- जल्दी थकने की एक बड़ी वजह लगातार बना रहनेवाला तनाव भी होता है। तनाव का कारण चाहे जो भी लेकिन यह व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जल्द थका देता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर दिन कुछ समय के लिए मेडिटेशन यानी ध्यान जरूर करें। यह आपको मानसिक रूप से फिट रखने का काम करेगा।

## फलियों का सेवन करें

- हरी फलियां कई तरह की वरायटी में आती हैं। खास बात यह है कि मौसम की प्रकृति और उस दौरान शरीर की जरूरत के अनुसार हर सीजन में आनेवाली फलियां पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।
- हरी फलियां फाइबर युक्त होती हैं और इनका पाचन धीमी गति से होता है। इसलिए ये शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा देने का काम करती हैं, जिससे शरीर पर थकान कम हावी होती है।

## ड्राईफ्रूट्स

- ऐसा नहीं है कि ड्राईफ्रूट्स का सेवन केवल सर्दियों में ही करना चाहिए। बल्कि सीमित मात्रा में और दूध के साथ ड्राईफ्रूट्स का सेवन गर्मियों में भी हर दिन किया जा सकता है।
- क्योंकि ड्राईफ्रूट्स केवल हमारे शरीर को गर्माहट देने का ही काम नहीं करते हैं बल्कि पोषण देने का काम भी करते हैं। शरीर की कमजोरी को दूर करने में मीट भी अच्छी भूमिका निभाता है। लेकिन कोरोना संक्रमण के दौर में हम आपको मीट खाने की सलाह नहीं देना चाहते हैं। इस समय में आप थकान से बचने के लिए ड्राईफ्रूट्स यानी सूखे मेवों का सेवन कर सकते हैं।



# शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण

शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाना कई रोगों का कारण बनता है। ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर सबसे जल्दी और सबसे बुरा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। इस स्थिति में कोई भी वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर पर हावी हो सकता है। शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण क्या होते हैं.

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने से अर्थ है कि शरीर को अपनी नियमित क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी मात्रा में ऑक्सीजन चाहिए, उतनी मात्रा में ऑक्सीजन ना मिल पाना।
- जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सबसे पहले व्यक्ति को थकान महसूस होती है, सांस लेने में दिक्कत होने लगती या सांस फूलने लगता है। इसके बाद शरीर में रक्त के प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। इससे थकान और घबराहट बढ़ जाती है।

## हो सकती हैं ये बीमारियां

- यदि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाए तो ब्रेन डैमेज और हार्ट अटैक तक की स्थिति बन जाती है। शुगर के रोगियों में यदि ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो उनकी शुगर अचानक बहुत अधिक बढ़ सकती है, जो कि एक जानलेवा स्थिति भी बन सकती है।
- ऑक्सीजन का स्तर अचानक से बहुत अधिक घट जाने पर शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन का संतुलन गड़बड़ा जाता है। इस स्थिति में थायरॉइड का स्तर या तो बहुत अधिक बढ़ सकता है या बहुत अधिक घट सकता है।

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कई कारण होते हैं, जो व्यक्ति की लाइफस्टाइल पर निर्भर करते हैं। जो लोग बहुत अधिक आलस से भरपूर जीवनशैली जीते हैं यानी फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं करते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।
- जो लोग बहुत अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन उसके हिसाब से डायट नहीं लेते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है।
- जिन लोगों के भोजन में आयरन की मात्रा कम होती है अगर वे लंबे समय तक इसी तरह का भोजन लेते रहें तो उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। क्योंकि फेफड़ों सहित पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह करने में आयरन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# चैन की नींद सोना है तो जरूर करें यह काम

**अगर आप चाहते हैं कि रात में आपको सुकून की नींद आए, पैरों में कुलन और बेचैनी के कारण आपकी नींद में किसी तरह की बाधा ना आए तो आपको सोने से पहले एक खास काम करना होगा। यह काम आपके शरीर को राहत देने के साथ ही दिमाग को भी शांति देगा। आइए, जानते हैं कि आखिर क्या और कैसे करना है.**

## आपको क्या करना है?

- बिस्तर पर जाने से पहले आपको अपने पैर साफ पानी से धुलकर कॉटन के कपड़े से पोछकर साफ करने हैं। इसके बाद सरसों के तेल से अपने पैरों की मालिश करें। यह मालिश 2 से 3 मिनट की भी हो तो काफी है। यहां जानें इस तरह हर दिन मालिश करने से आपको किस तरह के लाभ होंगे.

## पैर के तलुए में होते हैं सभी एक्युप्रेशर पॉइंट्स

- हमारे पैर के तलुओं में पूरे शरीर के एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं। पैर के तलुओं पर मसाज करने से इन पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है, जिससे शरीर का तनाव कम होता है और मानसिक शांति बढ़ती है। इसलिए आप अच्छी नींद आती है।

## ताउम्र रहेंगे युवा

- अगर आप हर दिन सोने से पहले अपने पैर के तलुओं पर सरसों के तेल से मालिश करेंगे तो आप ताउम्र युवा बने रहेंगे। यहां युवा बने रहने से हमारा आशय है कि आपके दांत, आपकी दृष्टि और आपके शरीर के जोड़ों में किसी तरह का दर्द या समस्या नहीं हो पाएगी।

## चश्मा नहीं लगेगा

- यदि आप सोने से पहले हर दिन अपने पैरों पर सरसों तेल से मालिश करते हैं तो आप अपनी कमजोर आइसाइट को भी ठीक कर सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि आपको एक या दो हफ्ते में ही इसका असर देखने को मिल जाएगा।

## पाचन को ठीक रखे

- आपको जानकर थोड़ी हैरानी हो सकती है। लेकिन यह सही है कि जो लोग नियमित रूप से अपने पैर के तलुओं पर मालिश करते हैं या किसी और से कराते हैं, उनका पाचनतंत्र अन्य लोगों की तुलना में काफी ठीक रहता है। साथ ही उन्हें पेट संबंधी रोग नहीं घेरते हैं।
- साथ ही ऐसे लोगों के शरीर पर थकान हावी नहीं हो पाती है। पैर के तलुओं की मसाज करने से शरीर के डैमेज सेल यानी क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जल्द मरम्मत होती है। इससे त्वचा भी चमकदार बनी रहती है। तो देर किस बात की, खूबसूरती और सेहत के लिए आज से ही शुरू करें पैर के तलुओं की मालिश।



# ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत हो सकता है आंखों में पानी आना

आंखे शरीर का सबसे जरूरी, सुंदर और नाजुक अंग है। सर्दी के मौसम में नमी और ठंडक के कारण आंखों में पानी आ जाता है लेकिन यह ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है। इस बीमारी में आंखों से बहुत ज्यादा पानी आना, धुंधला दिखाई देना और चुभन महसूस होना, सूजन, रैशेज, लालपन जैसे लक्षण दिखाई देते है। इस बीमारी का समय पर इलाज न करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की दवाइ के साथ-साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। इन घरेलू नुस्खों की मदद से आप बिना किसी नुकसान के इस परेशानी से छुटकारा पा सकते है।

**गीला कपड़ा** – आंखों को हाथों से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में जलन, दर्द या खुजली होने पर साफ पानी में कपड़े को भिगोकर आंखों की सफाई करें। इससे किसी भी तरह की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**नारियल का तेल** – नारियल तेल में मौजूद गुण आखों की गंदगी को साफ करते हैं। रोजाना आंखों के नीचे और आस-पास नारियल के तेल की मालिश करें। आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

**हर्बल टी** – कोमोमाइल या पेपरमिंट चाय की पत्तियों को थोड़ी देर गर्म पानी में भिगो दें। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर में आंखों की सिकाई करें। ध्यान रहें कि पानी ज्यादा गर्म न हो।

**नमक** – कई बार आंखो में जलन और खुजली के कारण पानी आने लगता है। ऐसे में आप 1 गिलास गर्म पानी में चुटकीभर नमक डालकर आंखों की सिकांई करें। दिन में 3 बार इसका इस्तेमाल खुजली और जलन की परेशानी को दूर कर देगा।

**बेकिंग सोडा** – साफ पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर गर्म करें। पानी थोड़ा रह जाने पर इससे अपनी आंखों को धो लें। इससे आपको आराम मिल जाएगा।

**ठंडा दूध** – कॉटन बॉल को ठंडे दूध में डिप करके अपनी आंखों के आस-पास रगड़ें। इसके अलावा आप कॉटन बॉल को ठंडे दूध में भिगोकर रख भी सकते है। इन उपायों को सुबह-शाम करने से आपको आराम मिल जाएगा।

**एलोवेरा** – एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद और 1/2 कप एल्डरबैरी चाय मिलाएं। रोजाना दिन में 2 बार इस मिश्रण से अपनी आंखों को धोएं। आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

**कच्चा आलू** – एस्ट्रिंजेंट के गुणों से भरपूर कच्चा आलू आंखों में पानी आने की समस्या से जल्दी राहत देता है। आलू की पतली स्लाइस काट कर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद इस ठँडी स्लाइस को 15 से 20 मिनट के लिए आंखों के उपर रख लें। 2-3 दिन तक इसका इस्तेमाल आपकी इस समस्या को दूर कर देगा।

# गडकरी बताएं दिल्ली-एनसीआर के लोग आखिर कहां जाएं



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

सि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण इतना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली आने से घबराते हैं। गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड? से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है। उनके लिए प्रदूषण से बचने के लिए कहीं भी देश में सरकारी खर्च पर आना-जाना आसान हैं। वैसे भी नेताओं को संसद और विधानसभा को सुचारू चलाने की ज्यादा ड्डूचता नहीं है। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सरकारी मशीनरी और नेताओं के नाकारपन का अभिशाप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। दिल्ली में केंद्र भाजपा गठबंधन की और राज्य में आप की सरकार मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली में लंबी अवधि तक कांग्रेस का शासन रहा है। प्रदूषण से निपटने में सभी राजनीतिक दल नाकाम रहे हैं। दिल्ली में कचरे का पहाड़ आज भी नेताओं के दावों-वादों को मुंह चिढ़ा रहा है। हिंदू-मुस्लिम विवाद और भ्रष्टाचार की तरह प्रदूषण नेताओं के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया। जब कभी प्रदूषण का मुद्दा उठता भी है तो केंद्र और दिल्ली की सरकार गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल कर



अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाती हैं। यही वजह है कि दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा इतनी बिगड़ चुकी है कि सांस लेना भी दुभर हो रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम १० सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि दिल्ली में ५० प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से निकलता है। गडकरी देश के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर प्रदूषण की विकराल समस्या से निपटने की जिम्मेदार किसकी है। जब देश का परिवहन मंत्री ही समस्या के समाधान से मुंह चुराने लगे तो अवाम किससे उम्मीद करे।

स्विस संगठन की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में दिल्ली को सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2023 में 134 देशों में से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत की वायु गुणवत्ता तीसरी सबसे खराब की भविष्यवाणी की गई। राष्ट्रीय राजधानी को वर्ष 2018 से लगातार चार बार विश्व का सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनुमान है कि भारत में 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की सांद्रता का अनुभव करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित वार्षिक दिशानिर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है।

दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से खराब हालात में सुधार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रयास भी सरकारों के नाकारपन के कारण बौने साबित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट दर्जनों बार फटकार लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई दौरान कहा कि कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। अदालत ने कहा कि सरकारी एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के बीच समन्वय की कमी है। साथ ही अदालत ने कहा कि दिल्ली में फिल्हाल ग्रैप-4 जारी रहेगा। दिल्ली सरकार, एमसीडी, डीपीसीसी, सीएक्यूएम और अन्य अधिकारियों के बीच समन्वय की पूरी तरह से कमी है। समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग पर है। इसलिए ग्रैप-4 को लागू करने के लिए समन्वय हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों को फटकार लगाई क्योंकि राज्य प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में विफल रहे। यह ऐसे समय में हुआ है जब दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के प्रयासों को मात्र दिखावा करार दिया। हवा की गुणवत्ता खराब होने का एक स्पष्ट कारण पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पराली जलाने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर को पर्यावरण कानूनों को शक्तिहीन बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की और कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के तहत पराली जलाने पर दंड से संबंधित प्रावधानो को लागू नहीं किया गया है। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रावधान को लागू करने के लिए कोई आवश्यक तंत्र बनाए बिना ही अधिनियम लागू कर दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अनुसार भारत में हर साल पैदा होने वाले 22 मिलियन टन चावल के ठूंठ में से लगभग 14 मिलियन टन पराली को आग के हवाले कर दिया जाता है।

यह पैदा होने वाले चावल के ठूंठ का लगभग 63.6 प्रतिशत है और हरियाणा और पंजाब में अकेले जलाई जाने वाली पराली का 48 प्रतिशत हिस्सा है। हालत यह है कि वोटों के डर से राज्य और केंद्र की सरकारें पराली जलाने पर पूरी तरह रोक नहीं लगा पा रही हैं। राजनीतिक दलों के लिए किसानों का वोट बैंक आम लोगों के जीवन पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि पराली जलाने की हर साल होने वाले घटनाओं के बावजूद कोई भी सरकार सख्त कदम उठाने से हिचकिचाती है। यहां तक की सरकारें वोटों के लालच में लगातार अदालत के निदेर्शों की अवहेलना कर रही हैं। कुछ दिन पहले हरियाणा सरकार ने कथित तौर पर कैथल जिले में पराली जलाने के आरोप में 18 किसानों को गिरफ्तार किया था। ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाने में विफल रहने के कारण राज्य के कृषि विभाग के करीब 24 अधिकारियों को

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाता रहा है आरएसएस




स माज और राष्ट्र को प्रथम मानने वाले संघ में व्यक्ति गौण होता है। संघ ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और संघ के प्रचारकों या स्वयंसेवकों ने जो दायित्व प्राप्त किए वे भी प्रचार से दूर रहे, संघ का और स्वयंसेवकों का कार्य उनकी लग्न और त्याग देश के सामने है। भारत में पिछले 97 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के नागरिकों में देशप्रेम की भावना का संचार करने का लगातार प्रयास कर रहा है। वर्ष 1925 (27 सितम्बर) में विजयादशमी के दिन संघ के कार्य की शुरूआत ही इस कल्पना के साथ हुई थी कि देश के नागरिक स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्तिसंपन्न, विशुद्ध देशभक्ति से ओत-प्रोत और व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त होने चाहिए। आज संघ, एक विराट रूप धारण करते हुए, विश्व में सबसे बड़ा स्वयं सेवी संगठन बन गया है। संघ के शून्य से इस स्तर तक पहुंचने के पीछे इसके द्वारा अपनाई गई विशेषताएं यथा परिवार परंपरा, कर्तव्य पालन, त्याग, सभी के कल्याण विकास की कामना व सामूहिक पहचान आदि विशेष रूप से जिम्मेदार हैं। संघ के स्वयंसेवकों के स्वभाव में परिवार के हित में अपने हित का सहज त्याग तथा परिवार के लिये अधिकाधिक देने का स्वभाव व परस्पर आत्मीयता और आपस में विश्वास की भावना आदि मुख्य आधार रहता है। ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्व की मूल भावना के साथ ही संघ के स्वयंसेवक अपने काम में आगे बढ़ते हैं। वैश्विक स्तर पर कई देशों में तो संघ की कार्य पद्धति पर कई शोध कार्य किए जा रहे हैं कि किस प्रकार यह संगठन अपने 97 वर्षों के लम्बे कार्यकाल में फलता फूलता रहा है एवं किस प्रकार यह समाज के समस्त वर्गों को अपने साथ लेते हुए अपने कई कार्यकर्मों को लागू करने में सफलता अर्जित करता आया है। आज जब कई देशों में अलगाववाद के बीज बोकर भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है ऐसे माहौल में संघ भारत के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित कर उनमें सामाजिक समरसता के भाव को जगाने में सफल रहा है।

मुट्ठीभर विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर कई सैंकड़ों वर्षों तक राज किया क्योंकि हम सब एक नहीं थे। इसलिए संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही देश के लिए समाज को एकजुट करना था, है और रहेगा, जिसे पूर्ण करने हेतु ही परम पूजनीय डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी और आपने एकशः संपत का मंत्र दिया था कि उच्च जाति के हों या निम्न जाति के, पहले अपना अहंकार छोड़कर और दूसरे अपनी लाचारी या हीनता छोड़कर तथा अमीर हों या गरीब, विद्वान हों या अज्ञानी सब एक पंक्ति में खड़े हों, यही संघ का मुख्य उद्देश्य भी है। समाज और राष्ट्र को प्रथम मानने वाले संघ में व्यक्ति गौण होता है। संघ ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और संघ के प्रचारकों या स्वयंसेवकों ने जो दायित्व प्राप्त किए वे भी प्रचार से दूर रहे, संघ का और स्वयंसेवकों का कार्य उनकी लग्न और त्याग देश के सामने है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस लम्बी यात्रा में वैश्विक स्वीकार्यता प्राप्त कर चुका है। व्यक्ति निर्माण, त्याग और राष्ट्र्भक्ति के संस्कार से ओतप्रोत संघ कार्य आज दुनिया के सम्मुख है। आपदा में अद्वितीय सेवाकार्य और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता के संघ के गुणों को विरोधी भी स्वीकारते हैं। संघ की योजना प्रत्येक गांव में, प्रत्येक गली में अच्छे स्वयंसेवक खड़े करने की है। अच्छे स्वयंसेवक का मतलब है जिसका अपना चरित्र विश्वासप्रद है, शुद्ध है। जो सम्पूर्ण समाज को, देश को अपना मान कर काम करता है। किसी को भेदभाव से शत्रुता के भाव से नहीं देखता और इसके कारण जिसने समाज का स्नेह और विश्वास अर्जित किया है। संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आगे बढ़ रहा है। संघ की कार्यपद्धति में पंथ - उप पंथ, जातीय मतभेद आदि बातें उपस्थित हो ही नहीं सकतीं क्योंकि संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज में एकता लाने की दृष्टि से कार्य करता है। संघ में छुआ छूत की भावना तो कभी की समाप्त हो चुकी है क्योंकि संघ में सभी जातियों के लोग एक झंडे के नीचे काम करते हैं।

हाल ही के समय में देश भर में संघ का कार्य बहुत तेजी से फैला है। दैनिक शाखाओं में 61 प्रतिशत शाखाएं छात्रों की हैं और 39 प्रतिशत व्यवसायी शाखाएं हैं। संघ की दृष्टि से देशभर में 6506 खंड हैं, इनमें से 84 प्रतिशत से अधिक खंडों में शाखाएं हैं। 59,000 मंडलों में से लगभग 41 प्रतिशत से अधिक मंडलों में संघ का प्रत्यक्ष शाखा के रूप में कार्य है। 2303 नगरीय क्षेत्रों में से 94 प्रतिशत नगरों में शाखा का कार्य चल रहा है एवं आने वाले दो वर्षों में सभी मंडलों में संघ की शाखा हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ कार्य एक लाख स्थानों तक ले जाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। 2017 से 2022 तक संघ की वेबसाइट में 'ज्वॉइन आरएसएसह्व के माध्यम से 20 से 35 आयु वर्ग के लगभग 1 लाख से 1.25 लाख युवाओं ने प्रतिवर्ष संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है। कोरोना महामारी के दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने समाज के साथ मिलकर सक्रियता के साथ सेवा कार्य किया था। लगभग 5.50 लाख स्वयंसेवकों ने महामारी के पहले दिन से ही सेवा कार्य प्रारम्भ कर दिया था तथा पूरे समय समाज के साथ सक्रिय सहयोग किया।। विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां बहुत बड़ी संख्या में मठ, मंदिर, गुरुद्वारों से बहुत बड़ा वर्ग सेवा कार्य के लिए निकला। यह एक जागरूक राष्ट्र के लक्षण हैं। साथ ही संघ द्वारा धर्म जागरण, कृषि विकास, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, गौसंवर्धन एवं ग्रामीण विकास का कार्य बहुत अच्छी मात्रा में एवं अच्छी गति के साथ चलाया जा रहा है।

# दकियानूस समाज

मा बहुत सारे सुलझे हुए परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाते हैं। मगर विवाह के बाद अगर वे ऐसे दकियानूसी परिवारों में कैद होकर घुटने लगती हैं, तो उनकी शिक्षा और सोच-समझ, काबिलियत का कोई मोल नहीं रह जाता। दुनिया के बेशक सिकुड़ कर एक गांव में बदल जाने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिक सोच आने का दावा किया जा रहा हो, पर हकीकत यह है कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी कई मामलों में संकीर्ण मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाया है। खासकर महिलाओं के मामले में पुरुष सत्ता का हिंसक बर्ताव आधुनिक माने जाने वाले तबकों में भी देखा जाता है। किसी दूसरी जाति के लड़के से विवाह करने पर इज्जत के नाम पर लड़की की हत्या कर दी जाती है। आज भी बहुत सारे लोग अपनी बहुओं को परदे में ही रखना चाहते हैं, उन्हें नौकरी आदि करने की इजाजत नहीं होती। ऐसा ही ताजा मामला दिल्ली का है, जिसमें एक ससुर ने अपनी बहू के सिर पर ईंट से मार कर उसे इसलिए घायल कर दिया कि वह किसी नौकरी के लिए साक्षात्कार देने जा रही थी। ससुर नहीं चाहता था कि उसकी बहू नौकरी करे। इसे लेकर दोनों के बीच पहले भी काफी बहस हुई थी, मगर बहू जिद करके साक्षात्कार के लिए निकल पड़ी। वह नौकरी करके परिवार को सहारा देना चाहती थी। मगर ससुर को यह रास नहीं आया। उसके हमले से बहू गंभीर रूप से घायल हो गई है। यह कोई पहला मामला नहीं है। आज भी ग्रामीण इलाकों और कुछ सामंती मिजाज के परिवारों में बहुओं को घर की चारदीवारी में, परदे के पीछे ही कैद रखने का प्रयास किया जाता है। उनका घर से बाहर निकल कर कहीं नौकरी करने जाना अच्छा नहीं माना जाता। कई परिवारों में तो विवाह से पहले ही करार कर लिया जाता है कि उनकी बहू घर में ही रहेगी, नौकरी नहीं करेगी। इस तरह बहुत सारी लड़कियां पढ़-लिख कर भी अपनी इच्छा के मुताबिक काम का चुनाव नहीं कर पातीं।

विचित्र है कि इसमें उनके पति भी अपने माता-पिता का साथ देते हैं। फिर यह सवाल भयावह रूप से हमारे समाज में सिर उठाता है कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे नारे कहां तक सार्थक हो पाएंगे। लड़कियों को लड़कों के बराबर अधिकार देने की वकालत की जाती है। बहुत सारे सुलझे हुए परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाते हैं। मगर विवाह के बाद अगर वे ऐसे दकियानूसी परिवारों में कैद होकर घुटने लगती हैं, तो उनकी शिक्षा और सोच-समझ, काबिलियत का कोई मोल नहीं रह जाता। इस तरह ताजा घटना में जिस ससुर ने अपनी बहू को ईंट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, उसे उसकी पढ़ाई-लिखाई और सामाजिक परिवेश की दृष्टि से पिछड़ा तो कह सकते हैं। मगर यह दकियानूसी सोच केवल तथाकथित कम पढ़े-लिखे और पिछड़े समाजों में नहीं है। कई मामलों में अत्यंत निचला माने जाने वाले तबके की महिलाएं कामकाज के मामले में कुछ अधिक स्वतंत्र हैं। वे घर से निकल कर मजदूरी करने, दुकान चलाने या घरों-दफ्तरों आदि में काम करने जाती हैं। मगर विचित्र है कि दिल्ली जैसे अपेक्षाकृत प्रगतिशील माने जाने वाले शहर में भी ऐसी संकीर्ण सोच के लोग आज भी मौजूद हैं, जो अपनी बहू-बेटियों को घर की चारदीवारी में कैद करके उन्हें घुटने पर मजबूर करते हैं। यह घटना एक बार फिर से इस पहलू पर सोचने को विवश करती है कि आखिर बहू-बेटियों को लेकर हमारे समाज के बड़े हिस्से का मानस ऐसा संकुचित क्यों बना हुआ है।

# खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी के रुख से राहत की उम्मीद फिर धुंधली

प इसमें कोई शक नहीं कि जनजीवन की आम गतिविधियों के ठप या कम होने की वजह से सभी क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट आती है और मांग के अनुपात में आपूर्ति नहीं हो पाने के चलते किसी भी वस्तु की कीमत ऊंची रहती है। लेकिन ऐसे मामले भी छिपे नहीं हैं कि बाजार की संचालक शक्तियां कई बार सामानों की आपूर्ति को मनमाने तरीके से नियंत्रित करके कीमतों को प्रभावित करती हैं। कुछ समय पहले जब बाजार में रोजमर्रा की जरूरत की कुछ चीजों की कीमतों में गिरावट आई थी तब यह उम्मीद जगी थी कि महंगाई के लंबे दौर से लोगों को शायद धीरे-धीरे राहत मिल सकेगी। लेकिन अब एक बार फिर खुदरा महंगाई ने बढ़ोतरी का जो रुख अख्तियार किया है, उससे राहत की उम्मीद एक बार फिर धुंधली पड़ने लगी है। यों सरकारी आंकड़ों में थोक मुद्रास्फीति दो साल से अधिक समय के निचले स्तर 3.85 फीसद पर आ गई है और थोक महंगाई की दर में भी गिरावट दर्ज हुई है। लेकिन अगर खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े हैं तो आम जनता के लिहाज से महंगाई के प्रभाव को इसी आधार पर देखा जाएगा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं, ईंधन और ऊर्जा के दामों में कमी की वजह से हुई है। हालांकि इसी दौरान खाने-पीने के सामानों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। यों इस साल फरवरी लगातार नौवां महीना है, जब थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन जनवरी में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जो दर 2.38 फीसद थी, वह फरवरी में 3.81 फीसद हो गई। जाहिर है, थोक महंगाई में नरमी के रुख के बावजूद आम लोगों को जरूरी वस्तुओं की कीमतों के स्तर पर न केवल कोई राहत नहीं मिली, बल्कि पहले ही इस समस्या से जूझते लोगों की मुश्किलें और गहरी हुईं। दरअसल, खासतौर पर खाने-पीने के सामानों के दामों में बढ़ोतरी का असर मुख्य रूप से इससे जुड़ा होता है कि लोगों की आमदनी कितनी संतोषजनक है और उनकी क्रयशक्ति की सीमा क्या है। अगर वस्तुओं की कीमतों में इजाफे के समांतर लोगों की आय में भी बढ़ोतरी होती है तो इसे एक बोझ के तौर पर नहीं देखा जाता है। करीब तीन साल पहले महामारी की वजह से हुई पूर्णबंदी का बाजार से लेकर कामकाज या रोजगार के सभी क्षेत्रों पर जो असर पड़ा था, उससे अब धीरे-धीरे राहत मिल रही है, लेकिन उसके नतीजे आज भी महसूस किए जा सकते हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि जनजीवन की आम गतिविधियों के ठप या कम होने की वजह से सभी क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट आती है और मांग के अनुपात में आपूर्ति नहीं हो पाने के चलते किसी भी वस्तु की कीमत ऊंची रहती है। लेकिन ऐसे मामले भी छिपे नहीं हैं कि बाजार की संचालक शक्तियां कई बार सामानों की आपूर्ति को मनमाने तरीके से नियंत्रित करके कीमतों को प्रभावित करती हैं। अब विशेषज्ञों की ओर से जो आशंका जाहिर की जा रही है, अगर वह सच हुई तो आने वाले महीनों में खासतौर पर खाद्य मुद्रास्फीति के मामले में और मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। गौरतलब है कि जलवायु प्रणाली में उथल-पुथल के रूप में अलनीनो के तीव्र प्रभाव से जुड़े जैसे संकेत सामने आ रहे हैं, उसका असर बहुस्तरीय हो सकता है। अगर यह अनुमान के मुताबिक ही आया तो इसके साथ तेज गर्मी, बिजली संकट, गेहूं की फसल, सब्जियों और फलों के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। फिर अगले कुछ महीने दाल और चना के लिए महत्त्वपूर्ण है और अगर जरूरत भर बारिश नहीं हुई तो उसके चक्र पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



# राजपूतों को बंधुआ मजदूर समझोगे तो ऐसा ही होगा

## तिरहुत में जेडीयू की हार पर भड़के आनंद मोहन, कहा- मेरे परिवार को पूछा तक नहीं

**शिक्षक नाराजगी, स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे को बताया बड़ी वजह**

**पटना।** तिरहुत स्नातक स्तरीय विधान पार्षद के उपचुनाव में जेडीयू की मिली हार ने पार्टी के भीतर ही घमासान पैदा कर दिया है। तिरहुत स्नातक एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव में एनडीए को मिली हार पर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने अपनी ही पार्टी जेडीयू के नेताओं पर सवालिया निशान खड़े किए हैं।
उन्होंने इस चुनाव में राजपूत नेताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि राजपूतों के साथ बंधुआ मजदूर जैसा व्यवहार करेंगे तो हार मिलेगी। तिरहुत स्नातक क्षेत्र में पांच विधायक और दो सांसद राजपूत हैं, फिर भी हमें नहीं पूछा गया। आनंद मोहन ने बिना नाम लिए तिरहुत के पूर्व एमएलसी रहे देवे चंद्र ठाकुर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव एक इंसान की अहंकार की भेंट चढ़ गया। राजपूत समाज से आने वालीं सांसद वीणा सिंह, विधायक राजू सिंह, अरुण सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह की तस्वीर भी कहीं नहीं दिखी। शिक्षक नाराजगी, स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे को बताया बड़ी वजह तिरहुत स्नातक क्षेत्र में जदयू को मिले बड़ी हार को



लेकर आनंद मोहन ने कई बातें कहीं। आनंद मोहन ने नीतीश सरकार फैसले पर सवाल खड़ा किया और कहा कि बिहार में शिक्षकों की नाराजगी स्नातक शिक्षक उपचुनाव में हार की बड़ी वजह है। पूर्व सांसद ने कहा कि शिक्षकों की मांगों पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। वहीं स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के बीच नाराजगी है। आनंद मोहन ने बिहार में हो रहे जमीन सर्वे को लेकर के भी सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जमीन सर्वे ग्रामीणों के बीच में आपसी झगड़े की बड़ी वजह बन रही है।
अपनी ही पार्टी पर भड़कते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजनीति में अहंकार की भाषा नहीं चलती है। जहां चूक हुई है, जेडीयू और एनडीए के नेताओं को बैठकर इसकी समीक्षा करनी चाहिए। आत्ममंथन करना चाहिए। तिरहुत स्नातक सीट पर जेडीयू एवं एनडीए की हार बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।तिरहुत स्नातक उपचुनाव में वंशीधर ब्रजवासी को मिली थी जीत तिरहुत स्नातक उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार और शिक्षक नेता वंशीधर ब्रजवासी ने चुनाव में जीत दर्ज की थी। तिरहुत स्नातक क्षेत्र के हुए उपचुनाव में जेडीयू को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जन सुराज के विनायक गौतम को दूसरा स्थान मिला, जबकि RJD के गोपी किशन तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जेडीयू के उम्मीदवार अभिषेक झा को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। तिरहुत के पूर्व एमएलसी रहे देवे चंद्र ठाकुर के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई थी, लेकिन जदयू इस सीट को नहीं बचा सकी।

## संक्षिप्त डायरी

### नई एजेंसी को मिली शहर की सफाई व्यवस्था



**बगहा।** शहर की सफाई व्यवस्था अब नई एजेंसी के हाथों में सौंपी गई है। अब दास एंड कंपनी की ओर से नगर की सफाई व्यवस्था कराई जाएगी। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठ ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को दास एंड कंपनी नामक एनजीओ को सौंपी गई है। दास एंड कंपनी ने 125 सफाई कर्मियों को लगाया है। सफाई के लिए अब प्रति महीने 39 लाख रुपया खर्च किए जायेंगे। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त हो इसको लेकर नई एजेंसी को नगर प्रशासन की ओर से कड़ा निर्देश दिया गया हैं। सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। नई एजेंसी को कचरा प्रबंधन पर भी कई आवश्यक निर्देश दिया गया हैं। सफाई एजेंसी की ओर से मंगलपुर औसानी के पास 2 एकड़ जमीन कचरा डंपिंग के लिए एग्रीमेंट किया गया है, अब बगहा शहर में कचरा डंपिंग औसानी में ही किया जाएगा। नई एजेंसी की सफाई व्यवस्था सौंपने के साथ ही नगर की सफाई व्यवस्था में भी व्यापक तब्दील किया गया है। अब शहर में दो शिफ्ट में सफाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सुबह के शिफ्ट में सभी चौक चौराहा सहित गली मोहल्ला की सफाई होगी। साथ ही साथ डोर टू-डोर कचरा का भी उठाव सफाई कर्मियों की ओर से किया जाएगा। शाम के शिफ्ट में नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहा सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कर्मी कूड़ा कचरा का उठाव करेंगे, ताकि नगर पूरी तरह से साफ और स्वच्छ दिखे। सफाई कर्मियों के लिए होगा ड्रेस कोड अब नगर की सफाई कर्मी एक ड्रेस में दिखेंगे। इसको लेकर नगर की नई सफाई एजेंसी की ओर से सभी सफाई कर्मियों के बीच ब्लू कलर के जैकेट का वितरण किया गया है गुरुवार को परिषद कार्यालय में कैंप लगाकर सभी सफाई कर्मियों के बीच ठंड से बचाव को लेकर जैकेट उपलब्ध कराया गया। साथ ही साथ सफाई कर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ नगर की सफाई व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया।

### बेगूसराय में घर के पीछे बुलाकर मारी गोली, मौत



**बेगूसराय।** में बदमाशों ने आज दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना मंसूरचक थाना क्षेत्र के मकदमपुर गांव की है। मृतक की पहचान नावकोठी निवासी वीरेन्द्र सिंह के बेटे रवि कुमार (18) के रूप में की गई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रवि अपने ननिहाल मखदुमपुर में ही रहता था। मृतक की नानी टुना देवी ने बताया कि पिता की मौत के बाद रवि और उसकी मां सुधा देवी यहीं रहते थे। दोपहर में वह घर में सोया हुआ था। तभी किसी ने बुलाया और घर के पीछे केलाबाड़ी में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। थोड़ी देर बाद हम पहुंचे तो उसे मरा हुआ देखा। किसी गाड़ी पर खलासी का काम करता था। आज दोपहर में वह किसी काम से बाहर निकाला था। तभी लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो घर के पीछे ही केलाबाड़ी में उसकी लाश पड़ी हुई थी। सूचना मिलते ही पहुंची मंसूरचक थाना कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रवि कुमार के पिता वीरेंद्र सिंह उर्फ लूचो सिंह की 15-16 साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद इसकी मां अपने बेटे को लेकर मायके चली गई थी और रवि अपने मां के साथ ननिहाल में ही रह रहा था। मुख्यालय डीएसपी रमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि रवि कुमार की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटनास्थल पर एफएसल को बुलाया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया है। परिजनों ने किसी पर शक नहीं जताया है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

## 24 साल से फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**किशनगंज।** किशनगंज के पोठिया थाने की पुलिस ने 24 साल से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जानकारी के अनुसार पोठिया थाना क्षेत्र के कस्बा कलियागंज पंचायत अंतर्गत गौरीहाट गांव के कलाम पिता अमीर मोहम्मद उर्फ लंगड़ा को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। इधर किशनगंज पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश पर पोठिया थाना अध्यक्ष निशाकांत कुमार ने बुधवार को एक विशेष टीम का गठन किया।

## गुलाम रसूल बलियावी के बयान पर बवाल

**किशनगंज।** में गुलाम रसूल बलियावी के दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई हैं। विभिन्न पार्टियां लगातार बड़े बयान दिए जा रही है। इसी क्रम में AIMIM के सीमांचल प्रभारी गुलाम हसनैन ने अपने बयान में गुलाम रसूल बलियावी को जदयू का गुलाम बताया है, जिसको जदयू के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष ने समर्थन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों में किशनगंज में जदयू के एक बड़े सम्मेलन के दौरान जदयू नेता गुलाम रसूल बलियावी ने अपने भाषण को संबोधित करते हुए कहा कि अगर मुसलमान जदयू को वोट नहीं देते है तो गद्दार होंगे। इसपर Aimim



पार्टी के सीमांचल प्रभारी गुलाम हसनैन ने जमकर तंज कसा है। तंज कसते हुए गुलाम हसनैन ने कहा कि गुलाम रसूल बलियावी साहब गुलाम ए रसूल है, लगता है गुलाम ए नीतीश है। आप अपने अंदर झंझोड़ कर देखिए, जिस दिन हमारे नबी के गुस्ताख में कुछ लोग अनगढ़ बात बोले तब आपकी सरकार कहा थी। NRC में कहा थे, तीन तलाक में कहा थी। जब हमारे नबी के बारे में बोला गया था तो उस दिन आप गद्दार थे। इसलिए आप हम मुसलमानों का फैसला न ले। आप अपने निजी कुर्सी के लिए ये भ्रम न फैलाए। बयान को तोड़ मरोड़ कर किया गया पेश इस बयान पर जदयू के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आमीर मिन्हाज ने कहा कि गुलाम रसूल बलियावी के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उनके बोलने का अर्थ यह था कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक के लिए काम किया है, उसके अपेक्षा अनुसार जदयू को मुसलमानों का वोट नहीं मिल रहा है। अगर आपके बारे में कोई सोच रहा है ।

## डिप्टी सीएम को मिला महाकुंभ में आने का निमंत्रण

### विजय सिन्हा बोले- तेजस्वी और लालू यादव को भी संगम में डुबकी लगाना चाहिए, संवाद यात्रा से घबराहट में हैं

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को महाकुंभ में आने के लिए निमंत्रण मिला है। यूपी सरकार के दो मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह पटना पहुंचे हैं। डिप्टी सीएम को महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया है। इसके लिए विजय सिन्हा ने उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया है। महाकुंभ के बहाने विजय सिन्हा ने लालू परिवार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा से ये लोग घबराहट में हैं। घबराहट छोड़कर तेजस्वी और लालू यादव को महाकुंभ में डुबकी लगाना चाहिए। सत्ता में रहने पर ये लोग मलाई में डुबकी लगाते हैं। बाहर निकलते हैं तो उस मलाई का हिसाब-किताब खोजते हैं। त्रिवेणी के संगम में उनको डुबकी लगाकर पवित्र होना चाहिए। लालू प्रसाद यादव का चल रहा अंतिम वक्त डिप्टी सीएम ने



आगे कहा कि कहा कि लालू यादव उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। इसलिए उनको विशेष रूप से डुबकी लगाना चाहिए। ताकि उनके मन के अंदर जो विकार हैं, उससे मुक्त हो सके। उनको लग रहा है कि नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा लालू परिवार के नैया को डुबो देगा। मुख्यमंत्री ने 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीट पार करने की घोषणा की है। इसलिए घबराहट में मुख्यमंत्री पर इस तरीके से बयान दे रहे हैं। महाकुंभ में 45 करोड़ लोग आएंगे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह संयुक्त तौर पर कहा कि महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। 12 वर्षों बाद कुंभ मेला का आयोजन होता है। इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। महाकुंभ एक नदी स्नान नहीं है, बल्कि एकता का प्रतीक है। विजय सिन्हा की भाषा अमर्यादित- एजाज अहमद वहीं, डिप्टी सीएम के बयान पर आरजेडी ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि विजय सिन्हा बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं। उनकी भाषा में कभी भी बड़ों के प्रति सम्मान नहीं दिखता। उनकी भाषा हमेशा अमर्यादित होती है। लालू प्रसाद यादव का महिलाओं के प्रति मान-सम्मान स्पष्ट रूप से दिखता है।
एनडीए की सरकार में ही मुजफ्फरपुर शेल्टर होम, गया शेल्टर होम और पटेल नगर शेल्टर होम कांड हुआ।

## बांग्लादेश से नाबालिग बच्ची पहुंची भारत

**किशनगंज।** किशनगंज में बीएसएफ सेक्टर के बंगाल के चोपड़ा में एक बांग्लादेशी नाबालिग युवती को जवानों ने गिरफ्तार किया है। युवती बांग्लादेश से भारत में प्रवेश कर रही थी। मालूम हो कि बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के बाद से ही हिंदुओं पर लगातार अत्याचार जारी है। बांग्लादेश में रहने वाले माइनॉरिटी के लोग भारत सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इस क्रम में बांग्लादेश से भारत में प्रवेश कर रही एक नाबालिग युवती को बीएसएफ के जवानों ने बंगाल के उतरी दिनाजपुर के चौपड़ा ब्लॉक के फतेपुर बीओपी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जवानों ने नाबालिग को चोपड़ा थाने की पुलिस को सौंप दिया। नाबालिग ने बताया कि वह बांग्लादेश के पंचागढ़ जिले की रहने वाली है। नाबालिग का पूरा परिवार इस्कॉन से जुड़ा हुआ है।



बच्ची काफी डरी और सहमी सी थी। नाबालिग ने बताया कि वह जलपाईगुड़ी के बेलाकोबा में एक रिश्तेदार के घर जाने वाली थी। वहीं भारत में रह रहे नाबालिग के नाना को जब पुलिस ने बुलाकर पूछताछ किया तो नाना ने बताया कि बांग्लादेश में इस्कॉन से जुड़े परिवारों को उपद्रवी लगातार धमकी दे रहे थे। इसके बाद नाबालिग को कोई रास्ता नहीं मिला तो भारत आ गई। नाना ने बताया कि बच्ची के माता-पिता बीमार है। उनका पूरा परिवार इस्कॉन से जुड़ा हुआ है। फिलहाल पुलिस जिला बाल कल्याण संघ की मदद से उसे घर भेजने की व्यवस्था कर रही है।

## ठेकेदार की 6 गोली मारकर हत्या बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर कार रुकवाई



**मधेपुरा।** में एक ठेकेदार की बदमाशों ने 6 गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 2 बाइक पर 6 बदमाशों ने ठेकेदार की कार को ओवरटेक कर रोकने का कहा। कार के रुकते ही उन्होंने ठेकेदार का नाम पूछकर गाड़ी से निकाला और फिर गोलियों से भूनकर फरार हो गए। मृतक की पहचान पवन कुमार राय (44) के रूप में हुई है। घटना पुरैनी थाना इलाके के कड़ामा पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात की है। वारदात के संबंध में बताया जाता है कि पवन कुमार राय अपने भाई,भतीजा और अन्य दो लोगों के साथ सड़क निर्माण का काम करवा कर घर लौट रहे थे। इस दौरान पुरैनी थाना के कड़ामा पेट्रोल पंप के पास पीछे 2 बाइक पर आए 6 बदमाशों आए। उन लोगों ने कार को ओवरटेक कर रुकने का इशारा किया। कार में सवार पवन राय के भतीजे पुष्पम कुमार ने बताया कि बदमाशों ने गेट खोलने के कहा। उसके बाद मेरे चाचा को कार से उतारने का इशारा किया। जैसे ही मेरे चाचा पवन राय कार से उतरे सभी ने लगभग 16 गोलियां चलाईं। गोलियों की आवाज बंद होने के बाद हमलोग कार से उतरे तो देखा कि मेरे चाचा पवन राय की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि परिजन की ओर से अभी आवेदन नहीं मिला है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम जांच कर रही है।

## जेलकर्मियों से घर का काम करवा रहे जेल सुपरिटेंडेंट साहब

**भागलपुर।** जेल के सुपरिटेंडेंट कर्मचारियों से अपनी गोशाला में काम करवाते हैं। जेलकर्मी सुपरिटेंडेंट की गायों के लिए चारा काटने, गोबर उठाने से लेकर बाजार में दूध की सप्लाई तक करते हैं। इसी साल 15 अगस्त को सुपरिटेंडेंट ने जेल की दीवार और दरवाजे की रंगाई पुताई करवाई थी। यह काम भी जेल कर्मचारियों ने ही किया था। जबकि, पेंटिंग के लिए विभाग ने अलग से राशि जारी की थी। आरोप है कि सुपरिटेंडेंट राजीव झा ने रंगाई का काम मजदूरों से करवाने के बदले जेल कर्मचारियों से करवा लिया और पैसे अपने पास रख लिए। जेल के अंदर काम करने वाले एक कर्मचारी ने सुपरिटेंडेंट के घर और जेल के अंदर के फोटो-वीडियो भेजे हैं। तीन दिन पहले भी एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। इसमें राजीव झा अपनी मौजूदगी में गैंगस्टर मुकेश पाठक की उनके जानने वालों से मुलाकात करवाते दिख रहे थे। हालांकि, इस संबंध में राजीव झा से बात की, तो उन्होंने आरोपों को बेबुनियाद बताया था।भागलपुर कैंप जेल के कर्मचारियों ने नाम न छापने की रिक्वेस्ट पर बताया कि 'राजीव



कुमार झा अपने सरकारी आवास पर गौशाला चलाता है। गौशाला में पशुओं की देखभाल के लिए जेल के सिपाही की ड्यूटी लगाई जाती है। जेल अधीक्षक से बात की तो उन्होंने कहा कि 'मेरे सरकारी आवास पर दो गाय है।' हालांकि, भास्कर के पास तीन गाय की तस्वीर है। इसके अलावा भी वहां पशुपालन हो रहा है। एक सीसीटीवी फुटेज में जेल के सिपाही गौशाला में मौजूद गाय के लिए चारा काटते दिख रहे हैं। इस मामले में अधीक्षक से बात की तो उन्होंने बताया कि 'ये सिपाही नहीं हैं, जो दिख रहा है, वो मेरा प्राइवेट स्टाफ है।' कि वीडियो में चारा काटते जो शख्स दिख रहा है, वह गृह रक्षक मनोज यादव है। एक अन्य वीडियो में एक शख्स एलपीजी गैस सिलेंडर की ढुलाई करता दिख रहा है। जेल के ही कर्मचारियों का दावा है कि वो शख्स भी जेल का ही कर्मचारी है।भागलपुर जेल कैंप के एक अन्य कर्मी ने बताया कि '15 अगस्त 2024 के लिए जेल की दीवारों और गेट की रंगाई-पुताई के लिए 7 लाख रुपए मिले थे, लेकिन मजदूरों के बदले जेलकर्मियों से दीवारों की रंगाई-पुताई करवाई गई। सुपरिटेंडेंट



ने फंड की निकासी करवा कर पैसे अपने पास रख लिए।' इस मामले में अब सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि 'जेल अधीक्षक अपनी मनमानी करें और अपराधियों से साठगांठ कर कर्मियों को प्रताड़ित करें। यह ठीक नहीं है। इसकी जांच होनी चाहिए।' उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जांच की मांग की है। जेल अधीक्षक के खिलाफ मुख्यमंत्री को 36 कर्मियों ने सिग्नेचर कर शिकायत पत्र भेजा है। इसके साथ ही DM से भी शिकायत की है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। कैंप जेल सुपरिटेंडेंट राजीव झा पर लगे आरोप की जांच शुरू हो गई है। डीएम नवल किशोर चौधरी के निर्देश पर सदर एसडीओ धनंजय कुमार और सिटी डीएसपी अजय चौधरी संयुक्त रूप से जांच करने के लिए मंगलवार को कैंप जेल गए थे। वहां शिकायतकर्ता, जेल अधीक्षक, उपाधीक्षक का पक्ष लिया गया। शिकायतकर्ता के साथ अन्य जेल कर्मियों का भी बयान लिया गया। साथ ही जेल अधीक्षक का भी पक्ष लिया गया। इसके साथ ही पिछले दिनों सामने आया सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की गई। अगले दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी। हालांकि, जेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जांच के लिए एक दिन पहले टीम पहुंची थी। इस टीम ने जेल अधीक्षक और उपाधीक्षक से बात की। लेकिन, सिपाही का बयान नहीं लिया गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच भी नहीं की गई। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों में तीन कर्मियों को दो शोकॉज और जेलर को 7 शोकॉज नोटिस दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी कार्रवाई
डीएम नवल किशोर चौधरी ने बताया कि 'मामले की जांच की जा रही है। दो दिनों में रिपोर्ट मिल जाएगी। रिपोर्ट विभाग को भेज दिया जाएगा। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।' भागलपुर केंद्रीय कारा के सुपरिटेंडेंट राजीव कुमार झा पर गंभीर आरोप लगे हैं। सुपरिटेंडेंट ने कुख्यात कैदी मुकेश पाठक से गिफ्ट के तौर पर 15 लाख की कार ली है। साथ ही वे हर महीने 3 लाख रुपए भी लेते हैं। इसके एवज में सुपरिटेंडेंट अपनी मौजूदगी में मुकेश पाठक को मुलाकातियों से मिलवाते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### टर्टल वैक्स इंडियाने भोपाल में ऑल- न्यू कार केयर स्टूडियो शुरू किया

**भोपाल।** शिकागो स्थित पुरस्कार विजेता कार केयर कंपनी टर्टल वैक्स, इंक. ने आज भोपाल, मध्य प्रदेश में भवानी मोटर्स के साथ मिलकर एक और को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो शुरू करने की घोषणा की। यह स्टूडियो खसरा नंबर, 78/4, होशंगाबाद रोड, मिसरोद में स्थित है। अत्याधुनिक टर्टल वैक्स 0 डिटेलिंग तकनीकों से सुसज्जित इस स्टूडियो में उच्च योग्यता प्राप्त और प्रशिक्षित कर्मचारियों की टीम है, जो कार उत्साही ग्राहकों की व्यक्तिगत पसंद के अनुसार डिज़ाइन की गयी विस्तृत कार डिटेलिंग सेवाएं और उत्पाद ऑफर करती है। स्टूडियो का उद्घाटन श्रीमती कृष्णा गौर जी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया गया।भवानी मोटर्स को कार केयर और डिटेलिंग में वर्षों का अनुभव है, जो अब भोपाल में टर्टल वैक्स की डिटेलिंग इनोवेशन और विशेषज्ञता के साथ जुड़ा है। यह साझेदारी सर्वोत्तम गुणवत्ता और ग्राहक सेवा के माध्यम से उपभोक्ताओं को पेशेवर वाहन देखभाल और स्वच्छता की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से की गई है। इस स्टूडियो में टर्टल वैक्स की सिरेमिक और ग्रेफीन रेंज से कई तरह के केयर पैकेज उपलब्ध हैं, जो नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए बेहतरीन परिणाम देते हैं। ग्राहक अब कार केयर स्टूडियो में, पेटेंटेड ग्राफीन तकनीक के साथ हाइब्रिड सॉल्यूशंस और हाइब्रिड सॉल्यूशंस प्रो जैसे टर्टल वैक्स 0 के प्रसिद्ध डिटेलिंग उत्पादों द्वारा पेशेवर परिणामों का अनुभव कर सकते हैं। साजन मुरली पुरवंगारा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेडने कहा, हमने मध्य प्रदेश में कार केयर में बढ़ती रुचि देखी है और यहां भोपाल में एक और कार केयर स्टूडियो खोलने का निर्णय लिया है। इस नए स्टूडियो के साथ, हमारा उद्देश्य राज्य में बेहतरीन गुणवत्ता वाली कार डिटेलिंग सेवाएं प्रदान करना है। ब्रांड को अद्वितीय डीआईएफएम सेवाओं का अनुभव करने के लिए श्रेणियों और उत्पादों की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध होने पर गर्व है। हमें विश्वास है कि भवानी मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी हमें इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार केयर सेवाएं और लाभ प्रदान करने में मदद करेगी। हम अपने डीलर नेटवर्क पर गर्व महसूस करते हैं और आने वाले वर्षों में इसे मजबूत करते हुए देश के टियर टू और टियर थ्री शहरों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाएंगे।

### सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड का आईपीओ 11 दिसंबर, 2024 को खुला

**मुंबई, एजेंसी।** सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, जो समग्र इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट और सपोर्ट सर्विसेज में विशेषज्ञता रखता है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को खोलने का प्रस्ताव करता है। इश्यू साइज 10 प्रति अंकित मूल्य के 65,79,200 इक्विटी शेयरों तक है, जिसमें प्रति शेयर 72 - 76 का प्राइस बैंड है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी के संचालन के अतिरिक्त उच्च मार्जिन वाले व्यवसायों के रणनीतिक अधिग्रहण के माध्यम से अवयवात्मक पहलों को बढ़ावा देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगा। इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर खांडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड है, और इश्यू का रजिस्ट्रार के.फिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड है।अमोल शिंगटे, सीईओ और निदेशक, सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने कहा, यह अत्यंत उत्साह के साथ है कि हम अपने आगामी आईपीओ की घोषणा कर रहे हैं।

# ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने आईआईएलएम विश्वविद्यालय के साथ की पार्टनरशिप

**दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन क्षेत्र में स्किल की कमी को दूर करने के लिए सप्लाई चेन ट्रेनिंग और कंसल्टिंग में ग्लोबल लीडर ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन ने आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस स्ट्रेटेजिक पार्टनर्शिप से ब्लू ओशन के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को, एसोसिएशन फॉर सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एएससीएम) के फाउंडेशन कोर्स के साथ जोड़कर आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के सिलेबस के साथ लाया जाएगा। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन और आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. (डॉ.) तरुण गौतम ने 3 दिसंबर, 2024 को ग्रेटर नोएडा में यूनिवर्सिटी कैंपस में एक ऑफिसियल सेरेमनी के दौरान एक एमओयु पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में ब्लू ओसियन कॉर्पोरेशन दिल्ली के डायरेक्टर




- संचालन श्री दीपक महाजन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. निहार अमोनकर, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट के डीन डॉ. अखिल दामोदरन और एसोसिएट डीन डॉ. एकता सारस्वत की सम्मानित उपस्थिति ने प्रतिष्ठा को दोगुना कर दिया।

यह कोलैबोरेशन आईआईएलएम के छात्रों को तेजी से बढ़ती इंडियन लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए स्किल्स और नॉलेज से लैस करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसका अनुमान 2029 तक 317.3 बिलियन डॉलर से बढ़कर 484 बिलियन डॉलर हो जाने का है।

यह कोलैबोरेशन न केवल लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट और एडवांस्ड सप्लाई चेन स्ट्रेटेजी की समझ प्रदान करता है, बल्कि प्रतिभागी को एएससीएम, युएसऐ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी प्रदान करता है। यह सर्टिफिकेशन करंट जॉब मार्किट में वैल्यू एड करता है, क्योंकि कई मल्टीनेशनल कॉर्पोरेशन (एमएनसी) भारत में इन्वेस्ट करना चाहते हैं और ग्लोबल सर्टिफिकेशन वाले स्किल्ड प्रोफेशनल की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं। ऐसी योग्यता से स्नातकों के लिए रोजगार और कैरियर की संभावनाएं मजबूत होती हैं, जिससे वे बढ़ते लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में अग्रणी बन जाते हैं। ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्या मेनन ने कहा, भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, और यह कोलैबोरेशन सुनिश्चित करेगा कि प्रोफेशनल्स की अगली पीढ़ी उस परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए जरुरी एडवांस्ड स्किल्स से लैस हो। हमारे कार्यक्रम को आईआईएलएम के सिलेबस में लाकर, हम लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस के एक नए युग की नींव रख रहे हैं,

## ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड को 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऑर्डर प्राप्त हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक (बीसीएस) (बीएसई: 539607), एक नवाचारपूर्ण एआईओटी सॉल्युशंस प्रदाता और विभिन्न क्षेत्रों में एआई-प्रेरित सॉल्युशंस में विशेषज्ञता रखने वाली अग्रणी कंपनी ने घोषणा की है कि उसने अपने ब्लूपोर्ट- मोबाइल डिवाइस सॉल्युशंस (एमडीएम) प्लेटफॉर्म को वितरित करने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जो विशेष रूप से बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन को ऑपटीमाइज करने के लिए डिज़ाइन किया गया है बीएलयूपोर्ट एक अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म है जो विशेष रूप से स्वास्थ्य संगठनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हेल्थकेयर संगठनों को उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपने बायोमेडिकल डिवाइस प्रबंधन को बेहतर बनाने में सक्षम बनाता है जो मज़बूत सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसमें मजबूत एन्क्रिप्शन, रिमोट प्रबंधन क्षमताएं, और विस्तृत पहुंच नियंत्रण शामिल हैं। हम चिकित्सा उपकरणों के लिए सुरक्षित ऑपरेटिंग सिस्टम विकास के साथ-साथ एमडीएम ऑर्डर प्राप्त करने को लेकर उत्साहित हैं और स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने नवाचारी समाधानों को लाने के लिए तत्पर हैं, ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड की श्रीमती जनकी यार्लगड्डा ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलयूपोर्ट को संगठनों को उनके बायोमेडिकल डिवाइसेज़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे अंततः मरीजों के परिणामों में सुधार होता है। यह प्लैटफ़ॉर्म रिमोट कॉन्फ़िगरेशन, केंद्रीकृत इन्वेंट्री ट्रैकिंग और समय पर फ़र्मवेयर अपडेट जैसी सुविधाओं के ज़रिए डिवाइस सॉल्युशंस को सुव्यवस्थित करता है।

# यश हाईवोल्टेज लिमिटेड का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** यश हाईवोल्टेज लिमिटेड, जो हाई वोल्टेज और हाई करंट ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता और वितरक में से एक है, 12 दिसंबर, 2024 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने की योजना बना रहा है। कंपनी का लक्ष्य 110.01 करोड़ तक जुटाना है, और इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक ट्रांसफॉर्मर कंडेन्सर ग्रेडेड बुशिंग्स के निर्माण के लिए एक नया कारखाना स्थापित करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर बोली प्रक्रिया 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और इश्यू 16 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। इश्यू के लिए इंडओरिएंट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। यह आईपीओ यश हाईवोल्टेज लिमिटेड की यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो ऊर्जा क्षेत्र में अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने में हमारी प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता को दर्शाता है। वर्षों से, हमने उच्च गुणवत्ता वाले ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की है और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं को लगातार पूरा किया है। इस आईपीओ से प्राप्त धनराशि हमें रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक बुशिंग्स के लिए एक अत्याधुनिक निर्माण सुविधा स्थापित करके हमारी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने में सक्षम बनाएगी। यह पहल हमारी दक्षता बढ़ाने, उच्चतम गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और ऊर्जा अवसंरचना क्षेत्र में अग्रणी बने रहने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

# हार्डविन इंडिया लिमिटेड ने ग्यालसुंग इन्फ्रा, भूटान के साथ एमओयू साइन किया

**मुंबई, एजेंसी।** हार्डविन इंडिया लिमिटेड जो आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में अग्रणी कंपनी है, ने भूटान की द ग्यालसुंग इंफ्रा के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी आवासीय और वाणिज्यिक संरचनाओं के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने में गर्व महसूस करती है। ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता इसकी सफलता का आधार है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड की यह रणनीतिक पहल उसे वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने और भूटान के तेजी से विकसित हो रहे बाजार की अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रुबलजीत सिंह सायल ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हार्डविन इंडिया लिमिटेड और द ग्यालसुंग इंफ्रा, भूटान के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के तहत भूटान में ग्यालसुंग इंफ्रा द्वारा किए जाने वाले भवन नवीनीकरण और आगामी परियोजनाओं के लिए सभी आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स की आपूर्ति हार्डविन इंडिया लिमिटेड द्वारा की जाएगी। एमओयू के अनुसार, यह उत्पाद दो वर्षों तक प्रदान किए जाएंगे और इनकी अनुमानित कुल लागत लगभग ?5 करोड़ होगी। यह उपलब्धि हमारे व्यवसाय और हितधारकों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव लाने वाली है। हमें उम्मीद है कि यह समझौता हमारे ग्राहकों, समुदायों और व्यवसाय पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

# अल्टीमेट एक्सटिरियर प्रोटेक्शन : एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया ग्राफीन की शक्ति वाला पुनर्नवीनीकरण एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक

**मुंबई ,एजेंसी।** हमारे घरों के बाहरी हिस्सों को लगातार भारी बारिश, तेज धूप और धूल की परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय के साथ इसका असर घरों के स्वरुप और स्थायित्व पर पड़ सकता है जिसके चलते घर के मालिकों को लंबी अवधि के समाधान की तलाश करनी पड़ती है।

पूरे भारत में मकान मालिकों के भरोसेमंद एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक (लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलित) को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है। अब तक का सबसे हल्का लेकिन सबसे मजबूत पदार्थ ग्राफीन अपनी उच्च ताकत, लचीलेपन और स्थायित्व के साथ उद्योगों में बदलाव ला रहा है।




अब, यह एशियन पेंट्स एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक को एक मजबूत अवरोधक बनाता है जो घरों को यूवी फ़ेडिंग, दरारों और पानी से होने वाले नुकसान से बचाता है। ग्राफीन का उन्नत प्रत्यास्थलक (इलास्टोमेरिक) गुण भारतीय घरों के लिए सबसे मजबूत और सबसे विश्वसनीय सुरक्षा है। इस नए अल्टिमा प्रोटेक को जीवंतता प्रदान करने के लिए, एशियन पेंट्स ने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नये अभियान, द सेफ हाउस की शुरुआत की है। इस विज्ञापन में, रणबीर कपूर को पहली बार एक जासूस के रूप में देखा जा सकता है, जो रोमांचक तरीकों के इस्तेमाल से खतरनाक परिस्थितियों से बच निकलता है।

विज्ञापन मोरक्को के एक बाजार में शुरू होता है जो कि दर्शकों को एक साहसिक मिशन दिखाता है। रणबीर, एक तेज-तर्रार एजेंट के तौर पर अपनी हीरोइन के साथ घुमावदार सड़कों से होते हुए पीछा कर रहे दुश्मनों से बच निकलता है।

इस दौरान जब एक मिसाइल अपने लक्ष्य पर हमला करने को तैयार होती है तो रणबीर चतुराई से सेफ हाउस की ओर भागता है, जो ग्राफीन द्वारा संचालित अल्टिमा प्रोटेक से संरक्षित होता है।

इसके बाद दुश्मन हर विकल्प का इस्तेमाल करता है जिसमें मिसाइल के साथ बिना रुके लगातार हमले करता है लेकिन सेफ हाउस मजबूत टिका रहता है। यह विज्ञापन सूरज की गर्मी, भारी बारिश और लगातार धूल जैसी हर बाधा के खिलाफ अल्टिमा प्रोटेक की सुरक्षा को शानदार ढंग से दर्शाता है।

अभियान जासूसी को नवीनीकरण के साथ मिलाता है यह दिखाने के लिए कि कैसे ग्राफीन द्वारा संचालित अल्टिमा प्रोटेक बेजोड़ प्रदर्शन करता है। द सेफ हाउस बाहरी चुनौतियों से घरों की रक्षा करने में ब्रांड के वादे को दर्शाता है।

## आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ट्रांच के जरिए 100 करोड़ तक जुटाएगा

**मुंबई, एजेंसी।** आईआईएफएल होम फाइनेंस ने 1,000 रुपए (प्रत्येक) की फेस वैल्यू के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपने पब्लिक इश्यू का ऐलान किया है। जिसका बेस इश्यू साइज 100 करोड़ रुपए है, जिसमें 400 करोड़ रुपए तक के ओवरसब्सक्रिप्शन को बनाए रखने का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपए तक है। वहीं यह 3000 करोड़ रुपए (ट्रेंच ढ्ढ इश्यू) की शेल्फ लिमिट के अंदर है। सेबी एनसीएस रेगुलेशंस के कंप्लायंस में समय से पहले बंद होने के ऑप्शन के साथ ट्रेंच ढ्ढ इश्यू शुक्रवार यानी 6 दिसंबर 2024 को ओपन होगा और गुरुवार 19 दिसंबर 2024 को क्लोज होगा।

एनसीडी को बीएसई और एनएसई बीएसई के साथ एनएसई स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। एनएसई ट्रेंच आई इश्यू के लिए नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईएनडी एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है।

ट्रांच आई इश्यू 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष से लेकर 9.25 प्रतिशत प्रति वर्ष तक के कूपन रेट के साथ सब्सक्रिप्शन के लिए एनसीडी की विभिन्न सीरीज प्रदान करता है।

# तनाएरा ने लॉन्च किया नया कैंपेन 'फॉर ब्युटीफुल बिगिनिंग्स'

### वैडिंग रेंज के साथ इस सीज़न का आकर्षण बनाया जो दूल्हन के आशाजनक भविष्य एवं सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाता है

**मुंबई, एजेंसी।** शादियां भावनाओं का मिश्रण होती हैं, यह एक नए अध्याय की शुरूआत है जहां प्यार सभी सीमाओं को पार कर नई कहानियों की शुरूआत करता है। टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा अपने नए कैंपेन 'फॉर ब्युटीफुल बिगिनिंग्स' के साथ इसी यात्रा की भावना पर रोशनी डालता है। मृणाल ठाकुर के साथ फिल्माया गया यह कैंपेन उस दूल्हन की कहानी बयां करता है जो अपने बचपन की देहलीज़ को पार कर, अपने साथ ढेरों यादें संजाए, असख्य संभावनाओं से भरपूर एक नए जीवन के वादे करती है- एक ऐसा अनुभव जिसे भारत की विभिन्न संस्कृतियों में साझा किया जाता है। इस कैंपेन के माध्यम से तनाएरा उन भावनाओं को सम्मान देती है, जो दूल्हनों को एक धागे के साथ जोड़ती हैं, फिर चाहे वे किसी भी क्षेत्र या किसी भी परम्परा से ताल्लुक रखती हों, यह कैंपेन उनकी नई यात्रा की बारीकियों को उजागर करता है। इस समय, दूल्हन सिर्फ साड़ी में




लिपटी नहीं होती, उसके मन में ढेरों सपने, यादें और उम्मीदें होती हैं, जिन्हें अपने साथ लेकर वह अपने जीवन के नए अध्याय की शुरूआत करती है। तनाएरा का कैंपेन 'फॉर ब्यूटीफुल बिगिनिंग्स' इस बात पर रोशनी डालता है कि किस तरह, जहां दूल्हन की साड़ी विभिन्न प्रकार के फैब्रिक, ड्रेप और डिज़ाइन के ज़रिए उसकी बदलाव की यात्रा की सच्ची साथी बन जाती है।

'फॉर ब्यूटीफुल बिगिनिंग्स' ऐसे कलेक्शन के साथ इस पावन पल के फैब्रिक में बुनी संस्कृति का जश्न मनाता है, जो हमारे देश की कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइनों, समकालीन डिज़ाइन एवं आधुनिक रंगों की समृद्ध धरोहर के सदाबहार पारम्परिक मिश्रण की अभिव्यक्ति करता है। ब्राण्ड के दृष्टिकोण के अनुरूप यह कलेक्शन विभिन्न डिज़ाइनों में शुद्ध एवं प्रमाणिक फैब्रिक का प्रतीक है। तनाएरा ज़री का सर्टिफिकेशन भी देती है, ताकि दूल्हन अपने जीवन के सबसे खास दिन इस धरोहर के सही मायनों का अहसास पा सके। शादी के जश्न को पूरे परिवार तक बढ़ाते हुए वैडिंग रेंज की साड़ियों में कई विकल्प हैं जो हर तरह की भूमिकाओं और व्यक्तित्वों पर खूब जंचते हैं। दूल्हन की सबसे अच्छी सहेली हो, दूल्हे की मां या चचेरी बहन, इस कलेक्शन में हर महिला के लिए साड़ी है, जो नए जोड़े के साथ इस यादगार मौके की खुशियां बांटती हैं।

लॉन्च के अवसर पर मिस शालिनी गुप्ता, जनरल मैनेजर, तनाएरा ने कहा, ''तनाएरा में हमारा मानना है कि हर दूल्हन की यात्रा परम्परा और बदलाव का जश्न है। हमारा यह कैंपेन इन्हीं भावनाओं, यादों और सपनों की अभिव्यक्ति है

# होरिबा ने भारत में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया

### यह हाइड्रोजन ईंधन आधारित इंटर्नल कंबशन इंजनों का परीक्षण

**पुणे, एजेंसी।** 2024-ऊर्जा और पर्यावरण, बायो एवं हेल्थकेयर और मैटेरियल एवं सेमीकंडक्टर सहित समूह के तीन क्षेत्रों के लिए एनालिटिकल उपकरण एवं मेज़रमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाले क्योटो स्थित जापान के अग्रणी होरिबा लिमिटेड समूह की कंपनी होरिबा इंडिया ने तेजी से उभरते हाइड्रोजन के वृहद क्षेत्र में कदम रखा है। होरिबा ने पुणे के चाकन में होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन )टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया है। यह नई इकाई ना केवल कारोबार के रास्तों का विस्तार करेगी, बल्कि कार्बन न्यूट्रलिटी, डीकार्बनाइजेशन और टिकाऊपन हासिल करने के वैश्विक विजन को हासिल करने में भी उल्लेखनीय रूप से योगदान करेगी।

होरिबा इंडिया की चाकन इकाई- होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर (एचआईटीसी) को 100 करोड़ रुपये से अधिक निवेश से 2016 में लांच किया गया जो 10,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है। उत्सर्जन मापन प्रणालियों, उन्नत एनालिटिकल इंस्ट्रूमेंट्स और देशज




कस्टमाइजेशन इकाई के लिए यह 2006 से एक प्रदर्शन आधार के तौर पर काम कर रही है। इस अत्याधुनिक इकाई को आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, आईएसओ 45001:2018 और एनएबीएल आईएसओ आईईसी 17025:2017 की मान्यता मिली है जो मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहयोग करती है। होरिबा ने इस टेक्निकल सेंटर में घरेलू और निर्यात आपूर्ति दोनों के लिए एक 2/3व्हील चेसिस डाइनोमीटर, मेक इन इंडिया ईवी चेसिस डाइनो, आरडीई टेस्टिंग कंटीन्युअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम (सीईएमएस), एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (एएक्यूएमएस) और वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (डब्लूक्यूएमएस) के विकास पर कई परियोजनाएं क्रियान्वित की हैं। होरिबा ने हाल ही में इस इकाई में मास फ्लो कंट्रोलर्स (एमएफसी) का रिपेयर, कैलिबरेशन और प्रोडक्शन शुरू किया है। इस कंपनी ने इस हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन टेस्ट बेड सुविधा को स्थापित करने में और करीब 28-30 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हो सकता है बड़ा बदलाव, भारत-पाक विवाद के बीच रिपोर्ट में दावा

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है और प्रतियोगिता के शेड्यूल पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया जिससे इस बात पर बड़ी चर्चा हुई कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद इस स्थिति से कैसे निपटेगी। एक 'हाइब्रिड' फॉर्मूला सुझाया गया था जिसके तहत भारत अपने मैच दुबई में खेल सकता है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। जबकि दिसंबर में आईसीसी की बैठक होनी थी, लेकिन आगे के रास्ते को लेकर असहमति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, देरी के कारण चैंपियंस ट्रॉफी नियमित वनडे प्रारूप से टी20 टूर्नामेंट बन सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'अगर गतिरोध जारी रहता है, तो यह असंभव नहीं है कि कुछ हितधारक चैंपियंस ट्रॉफी को टी20 प्रारूप में बदलने के लिए फिर से आवाज उठा सकते हैं, जो कि वनडे की तुलना में आसान और तेज है, जो तेजी से अपनी प्रासंगिकता खो रहे हैं।' इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को राजस्व घाटे, मुकदमों का सामना करना पड़ सकता है और अगर वह अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले 50 ओवर के आयोजन के तरीके पर गतिरोध के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से हटने का फैसला करता है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलगाव का जोखिम भी उठाना पड़ सकता है।

यहां के एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक, जो आईसीसी आयोजनों के आयोजन से अच्छी तरह वाकिफ हैं, ने एक रिपोर्ट में कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ एक मेजबान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस आयोजन में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह इसने आईसीसी के साथ एक अनिवार्य सदस्य भागीदारी समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। किसी सदस्य देश द्वारा आईसीसी इवेंट में खेलने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही वह आईसीसी इवेंट से अर्जित राजस्व का हिस्सा पाने का पात्र होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब आईसीसी ने अपने सभी इवेंट के लिए प्रसारण समझौते पर हस्ताक्षर किए, तो इसने यह गारंटी दी है कि सभी आईसीसी सदस्य चैंपियंस ट्रॉफी सहित अपने इवेंट में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।'




## विश्व कप की मेजबानी में पुर्तगाल का भी नाम, स्टार फुटबॉलर रोनाल्डो की पहली प्रतिक्रिया आई सामने



**मैड्रिड (एजेंसी)।** पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की। विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे।

यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे। पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था और फीफा ने उसके 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए दक्षिण अमेरिका के इन देशों को एक-एक मैच की मेजबानी सौंपी है।

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जर्सी पहनकर जश्न मनाते हुए अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की जिसमें उन्होंने लिखा है, 'सपना सच हो गया। यह बेहद खास विश्व कप होगा। पुर्तगाल 2030 में विश्व कप की मेजबानी करके हमें गौरवान्वित करेगा।' फीफा ने इसके साथ ही 2034 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब को सौंपने की घोषणा भी की।

## बुमराह का सामना करने को तैयार हूं : मैकस्वीनी



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि वह गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का अच्छी तरह से सामना करेंगे। मैकस्वीनी को अपनी पहली ही टेस्ट सीरीज में बुमराह की गेंदों को खेलना पड़ा है। वह तीन बार बुमराह का शिकार बने हैं हालांकि एडीलेड टेस्ट की पहली पारी में 39 रन बनाकर मैकस्वीनी ने अपना आत्मविश्वास हासिल कर लिया था।

मैकस्वीनी का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बुमराह जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज का सामना करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'अपने करियर की शुरुआत में ही मुझे बुमराह जैसे मुश्किल गेंदबाज का सामना का अवसर मिला है। मैंने एडिलेड में उनकी गेंदों को जिस प्रकार से खेला है। उससे मेरा मनोबल बढ़ा है। अब मैं जितना अधिक उनका सामना करूंगा उतना ही मेरे लिए खेलना आसान होता जाएगा।

मैकस्वीनी ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि उनका सामना करना मुश्किल है लेकिन एडिलेड में आत्मविश्वास हासिल करना अच्छा रहा और उम्मीद है की इससे पूरी सीरीज के दौरान मेरा आत्मविश्वास बना रहेगा। मैंने जब पहली बार उनका सामना किया तो पता चला कि वह अलग तरह के गेंदबाज है। यह उनकी गेंदबाजी को समझने से जुड़ा है। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में मैंने उनकी दो अच्छी गेंदों पर अपना विकेट भी खोया। दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने मुझे आउट किया पर उनका सामना करने से मेरी तैयारियां कैसी हैं ये भी मुझे पता चला है।

# कोहली ने टीम को संबोधित किया, रोहित ने नई और पुरानी गेंद से किया अभ्यास

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** विराट कोहली जब कप्तान थे तो ट्रेनिंग सत्रों के दौरान वह सभी के आकर्षण का केंद्र हुआ करते थे और बृहस्पतिवार को उन्होंने फिर यहां अभ्यास के दौरान अपने साथी खिलाड़ियों को संबोधित किया। एडिलेड में दिन रात्रि मैच में मिली 10 विकेट की हार के बाद मेहमान टीम को श्रृंखला के महत्वपूर्ण तीसरे टेस्ट में खेलने से पहले थोड़ी प्रेरणा की जरूरत थी और टीम के युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 'किंग' कोहली से बेहतर कोई 'मेंटोर' नहीं मिल सकता।

कोहली जब कप्तान थे तो वह ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों से काफी बातें किया करते थे। कप्तानी छोड़ने के बाद उन्होंने यह बंद कर दिया। लेकिन लगातार चार हार के बाद कप्तान रोहित पर भी भारी दबाव है और टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी (टेस्ट पदार्पण के मामले में) ने शनिवार से यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पहल की।

उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह के साथ कोहली खिलाड़ियों से उत्साहपूर्वक बात करते देखे गए और रोहित सहित सभी ने उनकी बात ध्यान से सुनी। रोहित ने नेट्स में नयी और पुरानी गेंद दोनों का सामना किया। वह गाबा में अपने नेट सत्र के दौरान काफी बेहतर स्थिति में दिखे लेकिन इस बात पर सवालिया निशान बने हुए हैं कि क्या वह पारी की शुरुआत करेंगे या छठे नंबर पर ही बने रहेंगे जो उनकी पसंदीदा जगह नहीं है।



केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने फिर नेट्स पर नयी गेंद का सामना किया। रोहित ने शुरुआत में थोड़ी पुरानी कूकाबुरा गेंद से खेले। फिर उन्होंने नयी लाल गेंद भी खेली। गाबा की पिच पर काफी घास है जो हमेशा से पारंपरिक ऑस्ट्रेलियाई विकेटों में से एक रहा है जिसमें सीम और उछाल दोनों मिलते हैं। ट्रेनिंग सत्र के बाद रोहित और मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच लंबी बातचीत हुई और दूर से ऐसा लग रहा था कि वे तकनीक पर चर्चा कर रहे थे।

गंभीर को कुछ 'शैडो ड्राइव' (हाथ से इशारा करके शॉट बताना) के लिए तैयार होते देखा गया जबकि रोहित उन्हें ध्यान से देख रहे थे। आकाश दीप को भारतीय नेट सत्र में सबसे निरंतर गेंदबाज माना जाता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह युवा हर्षित राणा की जगह लेंगे जिन्हें एडिलेड में दूसरे टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड ने कड़ी चुनौती दी थी।

पर्थ में टेस्ट पदार्पण में चार विकेट लेने के बाद हर्षित ने 16 ओवर में 86 रन दे दिए लेकिन कप्तान रोहित ने युवा खिलाड़ी का बचाव किया। आकाश दीप ने दो बार जयसवाल को परेशान किया और कप्तान ने भी उनकी पीठ थपथपाई। शमी शायद अभी टेस्ट खेलने के लिए फिट नहीं हैं। वह शायद भारतीय टीम में शामिल नहीं हों क्योंकि रणजी ट्रॉफी में वापसी के बाद सैयद मुश्ताक अली टी20 के नौ मैच खेलने के बाद उन्हें खुद लगता है कि वह अभी लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, 'सूजन आ जा रही है। वह खुद भी अधिक से अधिक घरेलू क्रिकेट खेलना चाहते हैं और इसलिए इस समय उनके बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी (21 दिसंबर से शुरू) में खेलने की संभावना है।' वहीं अकेला स्पिनर कौन होगा, यह भी सवाल है। इस पर भी वाशिंगटन सुंदर तकनीकी रूप से सबसे बेहतर बल्लेबाज हैं, रविचंद्रन अश्विन कौशल के मामले में सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं और रविंद्र जडेजा एक ऑलराउंडर के रूप में बेहतरीन पैकेज हैं।

## अंडर-19 महिला एशिया कप : निकी प्रसाद को मिली भारतीय टीम की कप्तानी



खेल डैस्क । एसीसी महिला अंडर-19 एशिया कप के उद्घाटन के लिए भारत की अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी गई है। महिला चयन समिति ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) महिला अंडर-19 एशिया कप के उद्घाटन संस्करण के लिए भारत की अंडर-19 टीम का चयन किया। यह टूर्नामेंट मलेशिया के कुआलालंपुर में बेयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाला है। भारत अंडर 19 टीम ग्रुप में है। उनके साथ पाकिस्तान, नेपाल की टीमें भी हैं। इसी तरह ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका और मलेशिया की टीमें हैं। भारत अंडर 19 ग्रुप स्टेज का अपना शुरुआती मैच 15 दिसंबर, 2024 को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा और फिर 17 दिसंबर को नेपाल के साथ मुकाबला होगा।

**ऐसी है भारतीय टीम :** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, नन्दना एस.

## ब्रिसबेन टेस्ट से पहले सुनील गावस्कर बोले, अब ऑस्ट्रेलिया के पास सीरीज में लय है



नई दिल्ली । ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के तीसरे टेस्ट से पहले पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि अब ऑस्ट्रेलिया के पास सीरीज में लय है। बीजीटी सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन के प्रतिष्ठित द गाबा में खेला जाएगा। इससे पहले एडिलेड टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से निराशाजनक हार झेली थी। स्टार स्पोर्ट्स से एक्सक्लूसिव बातचीत में गावस्कर ने कहा कि पर्थ टेस्ट में जीत के बाद लय भारत के साथ थी, लेकिन 10 दिन के अंतराल ने पर्यटकों को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम ने पर्थ में जो लय हासिल की थी, वह 10 दिन के अंतराल के दौरान खो गई। अब लय ऑस्ट्रेलिया के साथ है क्योंकि उन्होंने टेस्ट मैच जीता है। एडिलेड टेस्ट के कुछ दिनों बाद आप द गाबा में खेल रहे हैं। इसलिए अब लय ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ है।' गौर हो कि भारत को एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसके शेष पांच विकेट पहले सत्र में ही गिर गए थे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को 1-1 से बराबर करने के लिए व्यापक जीत हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के 337 रन बनाकर 157 रनों की बढ़त हासिल कर ली, जिसमें ट्रैविस हेड की 141 गेंदों पर 140 रनों की आक्रामक पारी शामिल थी। इसके बाद भारत अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ढेर हो गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 19 रनों की जरूरत थी। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिस्बेन में शुरू होगा।

# डी गुकेश ने रच दिया इतिहास, सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चेस चैंपियन बने, चीन के डिंग लिरेन को हराया

**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के अंतिम गेम में डिंग लिरेन की गलती के बाद इतिहास में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। ये गलती ऐसे समय में हुई जब टाईब्रेक की संभावना बहुत वास्तविक लग रही थी। पांचवें घंटे में खेल तब खत्म हुआ जब डिंग लिरेन ने एक गलती की जिसके कारण उन्हें हार झेलनी पड़ी।

एक वक्त ऐसा था जब लगा मैच टाईब्रेक हो जाएगा, लेकिन गुकेश ने अपनी कोशिश जारी रखते हुए डिंग को हराने में सफलता प्राप्त की। वर्ल्ड शतरंज चैंपियनशिप 2024 में डिंग लिरेन अधिकांश समय पर पीछे चल रहे थे। बता दें कि, डोमराजू गुकेश 18वें वर्ल्ड चेस चैंपियन हैं।

वर्ल्ड चेस चैंपियन 2024 का फाइनल मुकाबला सिंगापुर में खेला गया। खिताबी मुकाबले में डी गुकेश ने 14वीं बाजी में डिंग लिरेन को करारी शिकस्त दी और खिताब पर कब्ज किया।

डिंग लिरेन के खिलाफ गुकेश काले मोहरों के साथ मुकाबले खेले थे। पूरे मैच में भारतीय युवा ने अपना जोरदार प्रदर्शन दिखाया और हर बाजी में चीनी खिलाड़ी पर भारी पड़े। आखिर में गुकेश ने चीन की बादशाहत खत्म कर दी।

### विश्वनाथन आनंद के खास क्लब में गुकेश की एंट्री

इस धांसू जीत के साथ 18 वर्षीय युवा चैंपियन शतरंज की दुनिया के सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। साथ ही वो एक रिकॉर्ड के मामले में विश्वनाथन आनंद के क्लब में भी शामिल हो गए हैं। दरअसल, गुकेश वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। जबकि विश्वनाथन पहले भारतीय हैं। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने अपना आखिरी खिताब 2013 में जीता था।



## तीसरे टेस्ट में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हूं : मार्श



ब्रिस्बेन । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ शनिवार से शुरु हो रहे तीसरे टेस्ट मैच में जरुरत के अनुसार गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। मार्श ने कहा कि अब मैं पूरी तरह से फिट हूं और टीम के लिए अपनी भूमिका निभाने तैयार हूं। टीम के कोचिंग स्टाफ़ और मेडिकल टीम ने उनकी फिटनेस हासिल करने में सहायता की है। मार्श को सितंबर में इंग्लैंड के सफ़ेद गेंद दौरे के दौरान पीठ में खिंचाव हुआ था। तब उन्होंने केवल एक बार गेंदबाज़ी की थी। अप्रैल में आईपीएल के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। इस सत्र सीज़न की शुरुआत में उनके शेफ़ील्ड शील्ड में गेंदबाज़ी करने की योजना थी पर पीठ की समस्या के कारण वह ऐसा नहीं कर पाये। पर्थ में हुए पहले टेस्ट के पहले दिन मार्श ने दो विकेट लेने के साथ ही कुल 17 ओवर किए थे पर इसके बाद उन्हें दर्द हुआ। इससे एडिलेड टेस्ट के लिए उनकी फ़िटनेस पर सवाल उठने लगे थे। जिसके बाद बो वेब्स्टर को भी टीम में विकल्प के रुप में शामिल किया गया। एडिलेड टेस्ट में उन्होंने पहले पारी में केवल चार ओवर किए थे। मार्श ने कहा, मेरे दिमाग़ में ऐसी कोई सीमा नहीं है। मैं जितना हो सके ज़रूरत के अनुसार गेंदबाज़ी करने के लिए तैयार रहूंगा। मैं हमारे मेडिकल स्टाफ़, कोच रॉनी एंड्रयू मैक्डोनाल्ड और कमिंस का आभारी हूं जिन्होंने मुझे पहले और दूसरे टेस्ट के बीच सही समय दिया जिससे मैं मैच के लिए तैयार हो सकूं। मार्श ने कहा कि उनके लिए यह अहम है कि वह टीम के लिए उपयोगी भूमिका निभा सकें।

# यशस्वी की टिप्पणी से बेतर प्रदर्शन को प्रेरित हुए स्टार्क : पोंटिंग

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में जिस प्रकार की टिप्पणी मिशेल स्टार्क के खिलाफ की थी। लगता है वही लगता है उन्हें भारी पड़ी है। उसे टिप्पणी से स्टार्क दूसरे टेस्ट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुए होंगे। यशस्वी ने पर्थ टेस्ट में 161 रनों की पारी के दौरान तंज कसा था कि स्टार्क बहुत धीमी गेंदबाजी कर रहे हैं।

उस समय इस टिप्पणी से भले ही स्टार्क हंस दिये थे पर उन्होंने एडिलेड में मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी को आउट करके करारा जवाब दिया। पोंटिंग ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज को जायसवाल की टिप्पणी से कुछ अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी। उन्होंने कहा, स्टार्क वास्तव में एक बहुत ही शांत व्यक्ति है। वह बहुत ज़्यादा परेशान नहीं होता, यहां तक कि आप देख सकते हैं कि जब वह अब गेंदबाजी कर रहा होता है। और अगर कोई बल्लेबाज कुछ कहता भी है, तो वह आम तौर पर अपने चेहरे पर हल्की मुस्कान के साथ जवाब देता है। लेकिन मुझे लगता है कि उसके चेहरे पर यह मुस्कान शायद अंदर उठे रहे तूफान को ढकने का एक तरीका हो। उसने जिस प्रकार दूसरे टेस्ट में गेंदबाजी की उसका अंदाजा इससे होता है। स्टार्क वर्तमानप समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। सभी प्रारूपों में 692 विकेट लेने के साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से हर प्रमुख खिताब जीता है। पोंटिंग ने स्टार्क की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि कैसे उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में लंबे समय तक रहने के लिए अपनी गेंदबाजी शैली को अनुकूलित किया है। उन्होंने कहा, वह निश्चित रूप से प्रशंसा के अधिकारी हैं। मेरा मतलब है, वह शायद पिछले कुछ वर्षों में पहले से कहीं बेहतर रहे हैं। और मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वह पहले की तुलना में अब अधिक बेहतर गेंदबाज बन गये हैं, फिर भी उनकी गति अभी भी लगभग वैसी ही है जैसी हमेशा थी। पोंटिंग ने कहा, उसने पर्थ में अपना पहला स्पेल कैसे शुरू किया और फिर जिस तरह से उसने एडिलेड में अपना पहला स्पेल शुरू किया वह अविश्वसनीय रूप से अच्छा था। इससे पता चलता है कि उसका गुलाबी गेंद का रिकॉर्ड काफी अच्छा है।



## साल 2024 में एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीती भारतीय टीम

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के लिए इस साल एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीती है। 1979 के बाद यह पहला और तीसरा अवसर है जब टीम ने साल में एक भी 50 ओवरों का मुकाबला नहीं जीता। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम साल 1974 से ही लगातार एकदिवसीय मैच खेल रही है। शुरुआती दौर में भारत का इस प्रारुप में प्रदर्शन अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा और वह साल 1974, 1976 और 1979 में एक भी एकदिवसीय मैच नहीं जीत पायी। इसी दौर में उसने 1975 का विश्वकप जीतकर और 1978 में पाकिस्तान को हराया। साल 1980 से भारतीय क्रिकेट की जीत का जो सिलसिला शुरू हुआ वह 2023 तक लगातार जारी रहा। भारतीय टीम ने हर साल मैच जीते हैं पर इस साल उसे एक भी जीत एकदिवसीय में नहीं मिली। भारतीय टीम ने हालांकि इस साल ज्यादा एकदिवीसय मैच नहीं खेले हैं। भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ अगस्त में 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली थी जिसे श्रीलंका ने 2-0 से जीता था। वहीं इस सीरीज का एक मैच रद हो गया था। वहीं न्यूजीलैंड की टीम ने इस साल 3 एकदिवसीय मैच खेले और उसे भी इन तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें इस साल सबसे कम एकदिवसीय मैच खेलने वाली टीमें भी रहीं। इन दोनों के अलावा आयरलैंड ने 5 जबकि जिम्बाब्वे ने 6 एकदिवीसीय खेले।



# गूगल सर्च : साल 2024 में सबसे ज्यादा खोजे गए क्रिकेटर हार्दिक पंड्या, पहले नंबर पर हैं महिला प्लेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गूगल ईयर इन सर्च 2024 के अनुसार भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा खोजे जाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं जबकि दुनिया भर में खोजे गए खिलाड़ियों में सातवें नंबर पर। 31 वर्षीय ऑलराउंडर ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के साथ दो सीजन खेलने के बाद मुंबई इंडियंस के साथ हाथ मिला लिया था। उन्हें पांच बार की चैंपियन टीम का कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन आईपीएल 2024 के अंत में वे स्टैंडिंग में सबसे नीचे रहे।

हालांकि कुछ सप्ताह बाद ही हार्दिक ने टी20 विश्व कप 2024 में महत्वपूर्ण वापसी की और देश के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बने। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में हार्दिक पंड्या ने तीन ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें डेथ ओवरों के दो महत्वपूर्ण ओवर भी शामिल थे। गूगल पर इस साल में खोज रुझानों में क्रिकेट का दबदबा रहा, लेकिन दुनिया में सबसे ज्यादा खोजी गई टीमों में कोई भी भारतीय खेल टीम शीर्ष 10 में जगह नहीं बना पाई।

भारत में आईपीएल सबसे ज्यादा खोजा गया। ओलंपिक (5वां), प्रो कबड्डी लीग (9वां) और इंडियन सुपर लीग (10वां) ने भी जगह बनाई। भारत में खेल के रुझानों में आईपीएल, टी20 विश्व कप और ओलंपिक ने शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा कर लिया। भारत में शीर्ष 10 ट्रेंडिंग लोगों में से पांच खिलाड़ी थे - विनेश फोगाट (प्रथम), हार्दिक पंड्या (चौथे), शशांक सिंह (छठे), अभिषेक शर्मा (9वें) और लक्ष्य सेन (10वें)। विनेश फोगाट 2024 के लिए भारत में ट्रेंडिंग लोगों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस साल की शुरुआत में, विनेश ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन बाद में अधिक वजन के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बैडमिंटन में ओलंपिक पदक से मामूली अंतर से चूकने वाले लक्ष्य सेन भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और शशांक सिंह, जो क्रमशः सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में चमके, ने भी सूची में जगह बनाई।

**गूगल पर 2024 में टॉप 10 सर्च**

1. इंडियन प्रीमियर लीग
2. टी20 वर्ल्ड कप
3. ओलिंपिक
4. प्रो कबड्डी लीग
5. इंडियन सुपर लीग
6. महिला प्रीमियर लीग
7. कोपा अमेरिका
8. दलीप ट्रॉफी
9. यूईएफए यूरो
10. अंडर-19 वर्ल्ड कप



लेबनान के रास्ते निकाला नागरिकों में चेहरों पर आई मुस्कान

# भारत को मिली बड़ी कामयाबी: जम्मू कश्मीर के 44 जायरीन समेत 75 नागरिकों को सीरिया से सुरक्षित निकाला, मिली राहत

नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दमिश्क और बेरूत में भारतीय दूतावासों के बीच बेहतर समन्वय से भारतीय नागरिकों की सीरिया से सफल निकासी संभव हो सकी। इसमें जम्मू और कश्मीर के 44 जायरीन (हजयात्रा करने वाले लोग) शामिल हैं। एमईए ने कहा कि सीरिया के हालातों पर हम नजर बनाए हुए हैं और वहां बचे हुए भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं। भारतीय सरकार ने मंगलवार को सीरिया के युद्ध प्रभावित क्षेत्र से 75 नागरिकों को लेबनान के रास्ते निकाल लिया, जहां से वे वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए भारत लौटेंगे। बयान में कहा गया, निकाले गए लोगों में जम्मू और कश्मीर के 44 'जायरीन' भी शामिल हैं, जो सैदा जैनब में फंसे हुए थे।

**खास बातें**

- दमिश्क और बेरूत में भारतीय दूतावासों के प्रयास हुए सफल
- भारतीय नागरिकों ने किया था केंद्र सरकार से अनुरोध



### वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए भारत लौटेंगे

सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से लेबनान पहुंच चुके हैं और उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए भारत लौटेंगे। यह निकासी, जो दमिश्क और बेरूत में भारतीय दूतावासों द्वारा समन्वित की गई, सुरक्षा स्थिति का आकलन करने और सीरिया में फंसे भारतीय नागरिकों के अनुरोधों के बाद लागू की गई। पिछले सप्ताह, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा था कि पश्चिम एशियाई देश में लगभग 90 भारतीय नागरिक रह रहे हैं। 6 दिसंबर को, भारतीय सरकार ने एक सलाह जारी की थी। रविवार तक, सीरिया में बशर अल-असद के नेतृत्व में पिछला शासन गिर चुका था, क्योंकि हयात तहरीर अल-शाम, जो कि यूएन द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी अबू मोहम्मद अल-जोलानी के नेतृत्व वाला एक समूह है, तेजी से आगे बढ़ रहा था। यह समूह 2017 में अल-नुसरा फ्रंट और संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित अन्य संगठन के विलय के बाद बना था। हयात तहरीर अल-शाम का दमिश्क की ओर बढ़ना नवंबर के अंत में शुरू हुआ, जब उसने गृह युद्ध के सबसे बड़े शहरों में से एक, अलेप्पो, पर कब्जा कर लिया। इस संगठन ने एक के बाद एक शहरों पर हमला कर उन्हें गिरा दिया।

### पूरे देश पर कब्जा कर लिया, मचा था उपद्रव

दो हफ्ते से भी कम समय में, हयात तहरीर अल-शाम ने उत्तरी सीरिया के एक छोटे से क्षेत्र से शुरुआत करते हुए पूरे देश पर कब्जा कर लिया। असद और उनका परिवार सीरिया से रूस भाग गए हैं। विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह यह भी बताया था कि सीरिया में करीब 90 भारतीय नागरिकों के अलावा, कई भारतीय संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसियों के साथ काम कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों में, दमिश्क में भारतीय दूतावास खुला रहा और अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए है।

**खबर संक्षेप**

### फिलिस्तीन के राजदूत ने की प्रियंका से मुलाकात



**नई दिल्ली।** भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अबेद एलराजेग अबू जाजर ने सांसद प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। उन्होंने वायनाड लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। प्रियंका ने स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए फिलिस्तीनी लोगों के संघर्ष के लिए समर्थन की बात कही। उन्होंने कहा फ़िलिस्तीनी हितों के लिए जी रही हैं और न्याय में विश्वास करती हैं। इसके अलावा उन्होंने बचपन में फिलिस्तीनी नेता यासिर अराफात की भारत यात्रा के दौरान कई बार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से मुलाकात का जिक्र किया।

### पनाह दे रहे थे घर पर एयरस्ट्राइक, 19 की मौत



**यरुशलम।** इजराइल की तरफ से हुए हमलों में कुल 26 लोगों की जान चली गई। बताया गया है कि इजराइल वायुसेना ने देर रात विस्थापित लोगों को शरण दे रहे घर पर हमला कर दिया। इसमें 19 की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि इजराइल का यह हमला बेत लाहिया इलाके में बॉर्डर के करीब हुआ। कमाल अदवान अस्पताल, जहां मृतकों के शव पहुंचाए गए ने कहा कि इन हमलों में आठ लोगों का पूरा परिवार मारा गया। इनमें चार बच्चे, उनके माता-पिता और दादा-दादी मारे गए।

### जन्म से मिलने वाली नागरिकता खत्म करेंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिकी चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अब चार साल के लिए राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। 20 जनवरी, 2025 को वह राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। लेकिन इससे पहले ही उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता संभालने के पहले ही दिन वह किन मुद्दों पर कदम उठाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जनवरी 2025 में सत्ता संभालने के पहले ही दिन वह बर्थराइट सिटिजनशिप का नियम खत्म कर देंगे। अभी तक जिन्हें भी जन्म के साथ ही अमेरिका की नागरिकता मिल जाती थी।

रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिले राजनाथ सिंह बोले- भारत और रूस की दोस्ती पहाड़ों से ऊंची

मॉस्को

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मॉस्को में 21वें भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) के सैन्य और सैन्य सहयोग सत्र के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इन संबंधों को और गहरा भी करेगा।*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मॉस्को में 21वें भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) के सैन्य और सैन्य सहयोग सत्र के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति पुतिन को बधाई दी। बैठक के उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच साझेदारी से अत्यधिक संभावनाएं हैं और साझा प्रयासों से शानदार नतीजे हासिल किए जा सकते हैं।

सिंह ने कहा, हमारे देशों के बीच मित्रता सबसे ऊंचे पहाड़ से भी ऊंची और गहरे समुद्र से भी गहरी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत हमेशा अपने रूसी मित्रों के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा करता रहेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत पर सार्वजनिक और निजी तौर पर कई तरह के दबाव हैं। लेकिन भारत ने यह फैसला लिया है कि वह न केवल रूस के साथ अपने घनिष्ठ संबंध बनाए रखेगा, बल्कि इन संबंधों को और गहरा करेगा। हम हमेशा रूसी साथियों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच जी20, ब्रिक्स और एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे संबंध पूरी गति से आगे बढ़ रहे हैं।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष से भी मुलाकात की

दिलाया भरोसा: रूस के साथ हर हाल में घनिष्ठ संबंध रखेगा भारत

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से राष्ट्रपति पुतिन को बधाई दी



इससे पहले, राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से भी मुलाकात की। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रूस और भारत के बीच आपसी सम्मान पर आधारित एक मजबूत और पुरानी दोस्ती है। दोनों देशों के नेताओं के बीच विश्वसनीय द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

### भारत और रूस की विशेष रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई

मंत्रालय ने कहा, जुलाई में मॉस्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक और अक्तूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों के परिणामस्वरूप विशेष रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई है, जिसमें रक्षा क्षेत्र भी शामिल है। बयान में बेलोसोव के हवाले यह भी कहा गया, हम उन सभी समझौतों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उच्चतम स्तर पर किए गए हैं।

### रक्षा और सुरक्षा संबंध और मजबूत होंगे

*बयान के मुताबिक, रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस और भारत के बीच सैन्य सहयोग बहुपक्षीय प्रारूपों में खासतौर पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और एडीएमएम प्लस के तहत हो रहा है। बेलोसोव ने भरोसा जताया कि उनकी बैठक से दोनों देशों के रक्षा और सुरक्षा संबंध और मजबूत होंगे। इसके अलावा दोनो देश मिलकर ऐसे कई निर्णय लेंगे जिससे आने वाले समय में दोनो ही देशों की आर्थिक उन्नति में मील का पत्थर बनेंगे।*

ममता बेनर्जी बोलीं

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करे केंद्र





कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बुधवार को केंद्र सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और यह भी कहा कि जो लोग वापस भारत आना चाहते हैं, उन्हें वापस लाया जाए। बेनर्जी ने यह बात दीघा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। मुख्यमंत्री दीघा में जगन्नाथ मंदिर के निर्माण की प्रगति का जायजा लेने के लिए दो दिवसीय दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा चाहते हैं। केंद्र को इस मामले में कदम उठाना चाहिए। उन्हें उन लोगों को भी वापस लाना चाहिए जो भारत आना चाहते हैं। ममता ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर फर्जी वीडियो फैलाकर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक कुल आबादी का करीब आठ फीसदी हैं, जो हाल के महीनों में हिंसा का शिकार हुए हैं।

### चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका रद्द

इस्कॉन के पूर्व सदस्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बांग्लादेश की एक अदालत ने बुधवार को चिन्मय दास की जमानत याचिका खारिज कर दी। दास पर देशद्रोह का मामला दर्ज है। चटगांव मेट्रोपोलिटन सेशन जज मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने बुधवार को यह आदेश जारी किया।

### दोनों देश शांति से विवाद सुलझाएं: यूएस

दूसरी तरफ अमेरिका ने कहा है कि दोनों देश शांति से विवाद सुलझाएं अमेरिका ने भारत और बांग्लादेश से अपने मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की मांग की है। फॉरेन डिपार्टमेंट के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा- हम चाहते हैं कि भारत और बांग्लादेश आपसी विवाद को बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं।

विश्व की महाशक्ति की चीन से युद्ध की प्रैक्टिस शुरू

# अमेरिका ने गुआम बेस के पास मार गिराई बैलिस्टिक मिसाइल

वॉशिंगटन

अमेरिका ने प्रशांत महासागर में मौजूद अपने गुआम एयर बेस के ऊपर हवा से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल को इंटरसेप्ट किया है। इस मिसाइल को ट्रैक करने के लिए अमेरिका ने एएन/टीपीवाय-6 रडार का इस्तेमाल किया। इसके बाद स्टैंडर्ड मिसाइल-3 ब्लॉक 2ए को दागकर अपनी ओर आ रही मिसाइल को मार गिराया। यह एक परीक्षण था। ताकि चीन अगर भविष्य में दक्षिण चीन सागर, ताइवान या उसके आसपास हमला करे तो अमेरिका अपने मित्र देशों के बचाव में सटीक और मारक हमला कर सके। यह असल में चीन से संभावित युद्ध की स्थिति में उसे करारा जवाब देने के लिए किया गया परीक्षण था। गुआम बेस से अमेरिका ताइवान, जापान, फिलीपींस जैसे देशों की सुरक्षा पर नजर रखता है। ताकि जरूरत पड़ने पर वह इन देशों को चीन के किसी भी तरह के हमले से बचा सके। अमेरिका ने मंगलवार को अपने इस परीक्षण में लाइव बैलिस्टिक मिसाइल फ्लाइट टेस्ट के दौरान रडार का भी पहली बार परीक्षण किया था।



### रडार और मिसाइल दोनों का परीक्षण

*ग्रेग ने कहा कि हमने अपने रडार ट्रैकिंग और मिसाइल इंटरसेप्शन में सफलता हासिल की है। साथ गुआम के एंडरसन एयर बेस को सुरक्षित रखने के लिए डिफेंस सिस्टम को एक्टिवेट किया है। उनका परीक्षण किया है। जो 100 फीसदी सटीकता से काम कर रहे हैं।*

### पूर्व रक्षा मंत्री ने की अंडरवियर से सुसाइड की कोशिश



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने हिरासत में आत्महत्या करने की कोशिश की है। न्याय मंत्रालय के एक अधिकारी ने संसद में घटना की पुष्टि की। अधिकारी ने कहा कि उसने आत्महत्या का प्रयास करने के लिए अपने अंडरवियर का इस्तेमाल किया था। दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने बीते 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने का आदेश दिया था। हालांकि, ये महज 6 घंटे बाद वापस भी ले लिया गया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया गया था। यह घटनाक्रम दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री की हालिया गिरफ्तारी के बाद आया है।

मुंबई एयरपोर्ट पर 9.95 करोड़ का साढ़े 12 किग्रा सोना जब्त

# बड़े नेटवर्क का खुलासा: डीआरआई ने 3 कर्मियों समेत 6 तस्कर पकड़े

मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी में शामिल गिरोह के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। इस गिरोह में एयरपोर्ट के फूड कोर्ट में कार्यरत 3 कर्मचारी भी शामिल थे। ये कर्मचारी एयरपोर्ट के भीतर तस्करों से सोना ले लेते थे। इसके बाद इस सोने को बाहर लाकर आसानी से दूसरे लोगों को सौंप देते थे। डीआरआई को इनके खिलाफ खुफिया जानकारी मिली थी। अधिकारियों ने इन कर्मचारियों के ऊपर नजर रखनी शुरू कर दी। जिसके बाद सोने की दो खेप एयरपोर्ट से बाहर ले जाते समय पकड़ी गईं।

### आरोपियों से पूछताछ में खुलेंगे कई राज

डीआरआई की टीम ने सोना पहुंचाने वाले 3 कर्मचारियों और 3 रिसीवरों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। यह सोना 8 थैलियों में छिपाकर लाया गया था। 24 अंडाकार सोने की गेंदें मोम की थैलियों में छिपाई गई थीं। इस तरह एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है।इसके बाद अधिकारियों ने इसे तोला तो इसका वजन साढ़े 12 किग्रा निकला। जिसकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत लगभग 9.95 करोड़ रुपये आंकी गई है।



मामले में सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत केस दर्ज किया गया है। पिछले दो दिन में डीआरआई मुंबई ने लगभग 36 किलोग्राम सोना जब्त किया है। जिसे तस्करी के जरिए लाया गया था। एक दिन पहले ही डीआरआई ने 19.6 करोड़ का सोना जब्त किया था। एजेंसी के हाथों रैकेट का मास्टरमाइंड भी चढ़ चुका है। आरोपी लंबे समय से विदेश से सोना-चांदी की तस्करी में लिप्त था। उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस रेड कर रही है।

अफगानिस्तान के काबुल में भीषण आत्मघाती धमाका

# तालिबान सरकार के मंत्री हक्कानी समेत 12 लोगों की मौत

काबुल

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में भीषण धमाका हुआ है। धमाके में तालिबान के शरणार्थी मंत्री खलील रहमान हक्कानी और उनके 3 बॉडीगार्ड्स समेत 12 लोगों की मौत हो गई है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार को एक आत्मघाती बम धमाके में तालिबान सरकार में शरणार्थी मामलों के मंत्री की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट मंत्रालय के अंदर हुआ और शरणार्थी मामलों के मंत्री खलील हक्कानी की मौत हो गई। हक्कानी ऐसे शीर्षस्थ पदाधिकारी थे जिनकी अफगानिस्तान की सत्ता पर तीन साल पहले तालिबान द्वारा कब्जा किये जाने के बाद हुए बम धमाकों में मौत हुई है। धमाके की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। खलील रहमान हक्कानी की मौत तालिबान के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। हक्कानी इस संगठन के शीर्ष नेतृत्व का हिस्सा थे। विस्फोट के बाद मंत्रालय परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। धमाके की वजह से कई लोग घायल भी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धमाके में आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं।

**1** *इस्लामिक स्टेट और तालिबान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच एक टारगेटेड अटैक हो सकता है*

**2** *आधा दर्जन टीमें अलग अलग मोर्चों पर जांच कर रही हैं*



### हक्कानी नेटवर्क से जुड़े थे खलील रहमान

*खलील रहमान हक्कानी, तालिबान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा और हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख व्यक्तियों में से थे, उन्हें अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता में तालिबान की वापसी के बाद 7 सितंबर 2021 को शरणार्थियों के कार्यवाहक मंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया था।*

### धमाके में आईएसआईएस का हाथ होने का शक

शुरुआती रिपोर्टों से दावा किया जा रहा है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट और तालिबान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच एक टारगेटेड अटैक हो सकता है, हालांकि इस मामले में अभी तक किसी संगठन का हाथ सामने नहीं आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस्लामिक स्टेट के ख़ुरासान प्रांत ने अक्सर ऐसे हमले किए हैं, जिसका हाल के महीनों में तालिबान सरकार के साथ तनाव बढ़ गया है। घटना की पूरी जानकारी के लिए फिलहाल जांच के लिए करीब आधा दर्जन टीमें काम कर रही हैं।

### तालिबान सरकार ने क्या कहा?

*तालिबान सरकार ने इस हमले की निंदा की है और कहा है कि इस हमले का मकसद उनके नेतृत्व को अस्थिर करना था। तालिबान ने इस हमले के पीछे किसी खास समूह या संगठन का नाम नहीं लिया है। इस घटना के बाद तालिबान ने सुरक्षा बढ़ाने और ऐसे हमलों को रोकने के लिए कई कदम उठाने की बात कही है।*

पहली बार कोर्ट में पेश हुए नेतन्याहू

# खड़े होकर गवाही दी, कहा अच्छी जिंदगी नहीं जी रहा

तेलअवीव

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को एक आपराधिक मामले में कोर्ट में पेश हुए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे मुकदमे में कठघरे में खड़े होकर गवाही दी। इजराइल के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी प्रधानमंत्री ने आपराधिक मुकदमे में गवाही दी है।

गवाही देनी शुरू करते ही नेतन्याहू ने कोर्ट में बैठे न्यायाधीशों को 'हैलो' कहा। इसके जवाब में एक जज ने कहा कि उनके पास विशेष अधिकार है कि वे अपनी इच्छानुसार बैठकर या फिर खड़े



होकर गवाही दे सकते हैं। इसके बाद नेतन्याहू ने कोर्ट में खड़े होकर गवाही देने का विकल्प चुना। उन्होंने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। नेतन्याहू ने कहा कि मैं कोई अच्छी जिंदगी नहीं जी रहा हूं। मुझे 17-18 घंटे काम करना पड़ता है। मैं लंच भी ठीक से नहीं कर पाता। देर रात तक काम करना पड़ता और करीब 2 बजे सोने का मौका मिल पाता है।

# 'कृष 4' से करेंगे वापसी



**मुंबई।** फिल्म निर्देशक राकेश रोशन ने अपने निर्माता के किरदार पर ध्यान केंद्रित किया है। हाल ही में उन्होंने घोषणा की है कि वे निर्देशन से रिटायरमेंट ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वे 'कृष 4' को प्रोड्यूस करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने प्रोडक्शन हाउस से अपने बेटे की फिल्म बनाने वाले हैं। राकेश रोशन ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि वे कभी निर्देशन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही कृष 4 को लेकर घोषणा करेंगे। राकेश रोशन ने ऋतिक रोशन की फिल्म 'बैंग बैंग', 'वॉर' और 'फाइटर' को भी प्रोड्यूस किया है। उन्होंने कहा, 'कृष जल्द ही वापस आ रहा है'। राकेश रोशन ने 2003 में साइंस-फिक्शन फिल्म 'कोई मिल गया' के साथ इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी। उन्होंने 2006 में कृष के साथ इसे सुपरहीरो सीरीज में विस्तारित किया।

लाइफ Style

# नयनतारा

## 'एक नारी, 100 पर भारी'



नयनतारा साउथ ही नहीं, अब बॉलीवुड की भी बेहतरीन स्टार बन गई हैं। उन्होंने जवान से बॉलीवुड में कदम रखा और उसके बाद से हर किसी की फेवरेट बन गई हैं। उनकी एक्टिंग इतनी शानदार है कि कोई भी उनकी एक फिल्म देख ले तो उनका फैन बन जाता है।

नयनतारा की फिल्म रक्कई का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में वो ऐसे एक्शन करती नजर आ रही हैं कि उनके सामने पुष्पा और केजीएफ भी पानी भरते नजर आएंगे। नयनतारा लेडी सुपरस्टार हैं। जिस तरह से वो एक्शन करती नजर आ रही हैं उनका ये अंदाज देखकर आप चौंक जाएंगे। वो अकेले 50-100 लोगों से लड़ती नजर आ रही हैं। ऐसे लोगों को काट रही हैं जिसे देखकर हर कोई चौंक जाएगा। रक्कई टीजर की शुरुआत एक बच्चे के रोने से होती है। बच्चा रो रहा होता है। उसके बाद नयनतारा मिर्ची पीसती हैं और बच्चे को दूध पिलाकर चुप कराती हैं। बच्चे के चुप होने के बाद वो उन्हें मारने आ रहे 50-100 लोगों से लड़ने के लिए बाहर चली जाती हैं और एक-एक करके सभी को मारती हैं। उस समय नयनतारा का लुक देखने वाला है। रक्कई टीजर देखने के बाद लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- नयन ऑन फायर। वहीं, दूसरे ने लिखा- ये एक्सपेक्ट नहीं किया था। नयनतारा यू रॉक्ड। एक ने लिखा- अनुष्का शेट्टी और नयनतारा एक ही तरह की फिल्में कर रही हैं.. उन्होंने फिर साबित कर दिया, जो भी इसे देख रहा है वो नयनतारा के एक्शन की तारीफ करते नहीं रुक रहा है।

हॉलीवुड मसाला

# अरबों में बनी फिल्म नहीं हुई रिलीज



**लॉस एंजिल्स।** जॉन जियांग की इस फिल्म का नाम था एम्पायर्स ऑफ द डीप। फिल्म का ट्रेलर साल 2010 में रिलीज किया गया, लेकिन वो भी पूरा नहीं लग रहा था। ट्रेलर आने के तीन साल बाद भी फिल्म रिलीज होने की अवस्था में नहीं पहुंच सकी। फिल्म के लिए बतौर डायरेक्टर इरवन केर्शनर को चुना गया और प्रस्तावित बजट रखा गया 130 मिलियन डॉलर यानी कि 10.96 अरब। ब्लैक विडो फेम ओल्गा कुरीलेन्को के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। लेकिन, कुछ विवादों के चलते फिल्म के डायरेक्टर ने बीच में ही काम छोड़ दिया। उसके बाद भी दो और डायरेक्टर रखे गए।

# 17 जनवरी को रिलीज होगी 'इमरजेंसी'



**नई दिल्ली।** कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की नई रिलीज डेट जारी कर दी गई है। कंगना रनौत के जो फैन इस फिल्म के जल्द से जल्द रिलीज की राह तक रहे थे, उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। कंगना रनौत की इमरजेंसी अब साल 2024 में तो रिलीज नहीं होगी। फिल्म को 17 जनवरी, 2025 में रिलीज किया जाएगा। फिल्म को सेंसर से मंजूरी भी मिल गई है। फिल्म की कहानी 1970 के दशक की है जब देश में इमरजेंसी लगा दी गई थी। फिल्म की राइट और डायरेक्टर कंगना रनौत हैं। यही नहीं, कंगना रनौत फिल्म में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का किरदार भी निभा रही हैं। इसोशल मीडिया पर फैन्स के साथ अपडेट साझा करते हुए, कंगना ने लिखा, 'देश की सबसे शक्तिशाली महिला की महागाथा और वह क्षण जिसने भारत की नियति को बदल दिया।

# '120 बहादुर' का नया पोस्टर जारी...



**नई दिल्ली।** अभिनेता फरहान अख्तर अपनी आगामी फिल्म '120 बहादुर' की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्होंने सितंबर में अपनी इस फिल्म को लेकर जानकारी साझा की थी। सोमवार को इस फिल्म के नए पोस्टर साझा कर अभिनेता ने भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी है। दर्शक फरहान अख्तर से फिल्म 'डॉन 3' लेकर आने की मांग कर रहे हैं। वे 'जी ले जरा' का भी ऐलान कर ही चुके हैं और फिल्म 'मिर्जापुर 3' लाने की तैयारियों में जुट गए हैं। इन सभी फिल्मों से अलग फरहान फिलहाल जी-जान से अपनी एक और आगामी फिल्म में व्यस्त हैं। वह फिल्म है, '120 बहादुर'। सोमवार को रेजांगला युद्ध की 62वीं वर्षगांठ पर अभिनेता इस फिल्म की झलक साझा की है। भारत व चीन के बीच हुए रेजांगला युद्ध को 62 वर्ष हो गए।



# अहमदाबाद में होगा ब्रिटिश बैंड का शो

**लॉस एंजिल्स।** पूरी दुनिया में अपने बेहतरीन म्यूजिक और गानों के लिए मशहूर कोल्डप्ले अब जल्द ही भारत में अपना कॉन्सर्ट करने वाला है। कोल्डप्ले शो के आयोजकों का मानना है कि यह इस दशक का सबसे शानदार प्रदर्शन होगा। कोल्डप्ले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। क्रिस मार्टिन के नेतृत्व में और दुनिया भर में ए स्काई फुल ऑफ स्टार्स, विवा ला विडा, येलो और पैराडाइज जैसे शानगार गानों के लिए लोकप्रिय कोल्डप्ले बैंड, पहले 25 को और फिर 26 जनवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपना दूसरा संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। ब्रिटिश का सबसे प्रसिद्ध बैंड कोल्डप्ले में गिटारवादक जॉनी बकलैंड, बेसिस्ट गाइ बेरीमैन, ड्रमर और पर्क्युसिनिस्ट विल चैंपियन और मैनेजर फिल हार्वे भी शामिल हैं।

टीवी मसाला

# गार्ड ने बिग बॉस 18 के ऑफर को दिखाया ठेंगा

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 18' का शो अपने पूरे रोमांच पर है। प्रतियोगियों के बीच की तीखी बहस हो या मजेदार टास्क हो या फिर सलमान खान का क्लास लगाना हो। इन सभी ने शो को रोमांचक बनाया है। बिग बॉस शो हर साल कई जाने माने चेहरों को ऑफर किया जाता है, लेकिन कई सितारे अपनी निजी कारणों की वजह से शो में नहीं आते हैं। अब हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्व सुरक्षा कर्मचारी लकी बिष्ट ने शो के ऑफर को एक्सेप्ट न करने के पीछे के कारण का खुलासा किया है।



# 'सिंघम अगेन' का उड़ाया मजाक...

**नई दिल्ली।** दिवाली के मौके पर बॉक्स ऑफिस के मैदान में सिंघम अगेन और भूल भुलैया-3 की टक्कर हुई। दोनों ही फिल्मों ने कमाई के मामले में एक- दूसरे को अच्छा कॉम्पिटीशन दिया। हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना था कि इन दो बड़ी फिल्मों को एक साथ रिलीज नहीं होना चाहिए था। इससे दोनों ही फिल्मों को नुकसान हुआ। पहले तो ये बातें दबे पांव ही हो रही थीं, लेकिन इस बीच इंटरनेट पर एक वीडियो आ गया। ये वीडियो केआरके ने शेयर किया। इस वीडियो में आमिर खान फिल्म मेकर अनीस बज्मी से कहते हैं सिंघम अगेन वालों ने भूल भुलैया से टक्कर लेकर गलती कर दी। जबकि वो खुद को अजय देवगन और करीना कपूर का दोस्त बताते हैं। इस पर एक ने कमेंट किया, चुगली करते पकड़े गए। एक ने लिखा, सही कहा, कार्तिक आर्यन वर्सेज नेपो गैंग। एक ने तारीफ में लिखा, लेकिन हकीकत ये है कि भूल भुलैया 3 ने सिंघम अगेन को हरा दिया। एक ने लिखा, सही कह रहा है, गलती तो हुई है।



# हिंदी फिल्मों की रीमेक हैं ये हॉलीवुड फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** साउथ की फिल्मों में दिखाई जाने वाली ऑरिजनल कहानियां इन दिनों काफी पॉपुलर हो रही हैं। बीते कुछ सालों में साउथ की फिल्मों का क्रेज बढ़ा है और बॉलीवुड पर लगातार इधर-उधर की फिल्मों के रीमेक बनाने या फिर कहानी और म्यूजिक चुराने का आरोप लगने लगा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हिंदी सिनेमा ने कई ऐसी कमाल की फिल्में भी दी हैं, जिन्हें हॉलीवुड में रीमेक किया गया।

**ए कॉमन मैन** : साल 2008 में रिलीज हुई फिल्म **A Wednesday** (ए वेडनेस्डे) एक ऐसे आम आदमी की कहानी थी जो देश के सिस्टम से तंग आकर खुद ही आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होने का फैसला करता है। इस कमाल की कहानी को हॉलीवुड में रीमेक किया गया था और 'ए कॉमन मैन' नाम से अंग्रेजी में बनाया गया था। नसीरुद्दीन शाह के किरदार को निभाने के लिए मेकर्स ने निर्देशक ने ऑस्कर अवॉर्ड विनर बेन किंग्सले को कास्ट किया था।



**डिलीवरी मैन** : साल 2013 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'डिलीवरी मैन' को दुनिया भर में खूब प्यार मिला। लेकिन कम लोग जानते हैं कि यह साल 2012 में भारत में रिलीज हुई विकी कौशल की फिल्म 'विकी डोनर' से प्रेरित थी।




**फियर** : साल 1996 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'फियर' दरअसल शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म डर (1993) का अंग्रेजी रीमेक थी। यहां तक फिल्म के रीमेक में शाहरुख खान का क..क..क..किरण वाला अंदाज भी एक्टर जेम्स फॉली ने अपने अंदाज में कॉपी किया था।




**किल बिल** : साल 2003 में आई फिल्म 'किल बिल' के बारे में ज्यादातर लोग जानते हैं। इस फिल्म को काफी फेम मिला था और कई बार अंग्रेजी टीवी चैनलों पर चलाया गया। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी कहानी को कमल हासन की फिल्म 'अभय' से लिया गया था।





**लीप ईयर** : शाहिद कपूर और करीना कपूर खान की फिल्म 'जब वी मेट' ब्लॉकबस्टर हिट थी। फिल्म की कहानी और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि साल 2007 में आई इस फिल्म की कहानी को उठाकर 2010 में हॉलीवुड डायरेक्टर ने लीप ईयर नाम से एक फिल्म बना दी थी।



**जस्ट गो विद इट** : सलमान खान भी इस मामले में पीछे नहीं रहे हैं। साल 2005 में आई उनकी फिल्म 'मैंने प्यार क्यों किया' को हॉलीवुड में 'जस्ट गो विद इट' नाम से बनाया गया था। हालांकि कहानी में कई छोटे-बड़े बदलाव किए गए थे।






हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.